संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -211 रविवार ,02 जून 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अंतिम चरण में हुए 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग खत्म

- बलिया में वोट देने पहुंचे बुजुर्ग की मौत...
- बंगाल में वीवीपीएटी तालाब में फेंकी...
- 5 बजे तक 58 प्रतिशत मतदान...
- चुनावी ड्यूटी में लगे कुल 44 लोगों की मौत...
- जहानाबाद-आरा में फायरिंग......
- दानापुर में बीजेपी कार्यकर्ता को पीटा...
- हिमाचल में 66.91 प्रतिशत वोटिंग...
- कंगना-विक्रमादित्य की मंडी सीट पर सबसे ज्यादा मतदान
- ईव्हीएम में गडबड़ी पर 2 अफसर हुए सस्पेंड...
- धनास में मतदाताओं और पुलिस में हाथापाई...

**नई दिल्ली,01 जून 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज की वोटिंग पूरी हो गई है। आज यानी 1 जून को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग हुई।

चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक शाम 5 बजे तक 58.34 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 69.89 प्रतिशत वोटिंग पश्चिम बंगाल में और सबसे कम 48.86 प्रतिशत वोटिंग बिहार में हुई है।

इसके अलावा ओडिशा में विधानसभा चुनाव के लिए 62.46 प्रतिशत वोटिंग हुई। 4 राज्यों की 9 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। बलिया में वोट देने पहुंचे एक बुजुर्ग की पोलिंग बूथ पर मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि बुजुर्ग की मौत गर्मी की वजह से हुई।

सातवें चरण में भी पश्चिम बंगाल से हिंसा की खबरें आई हैं। पश्चिम बंगाल के भांगर में सीपीआई (एम) और आईएसएफ के कार्यकर्ताओं ने टीएमसी समर्थकों पर बम से हमले का आरोप लगाया है।

## दुमका में सबसे ज्यादा 69.89 तो राजमहल में सबसे कम 66.98 फीसदी हुआ मतदान




वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने ट्वीट करके बताया कि जयनगर के बेनीमाधवपुर स्कूल के पास सेक्टर ऑफिसर से भीड़ ने रिजर्व ईव्हीएम और कागजात लूट लिए। 1 सीयू,1 बीयू और 2 वीवीपीएटी मशीनों को तालाब में फेंक दिया गया। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हुआ था। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग हुई।

गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं, इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हुई। आखिरी फेज का चुनाव खत्म होने के पीएम मोदी ने एक्स पर छह पोस्ट किए। उन्होंने चुनाव आयोग को निष्पक्ष चुनाव कराने और सिक्योरिटी फोर्स को शांतिपूर्ण मतदान पूरा करवाने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि अवसरवादी इंडिया गठबंधन मतदाताओं के दिलों में जगह बनाने में विफल रहा। मुट्ठी भर वंशों को बचाने के उद्देश्य से बनाया गया यह गठबंधन देश के लिए भविष्य का रास्ता बनाने में विफल रहा।

मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि भारत के लोगों ने एनडीए सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने हमारा ट्रैक रिकॉर्ड देखा है कि कैसे हमने गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के लिए काम किया।

## सट्टा बाजार के 10 अनुमान...

चुनाव के रिजल्ट से पहले देशभर में सट्टा बाजार काफी एक्टिव हैं,कोई एनडीए को बढ़त तो कोई कांग्रेस को जीत के आंकड़े दिखा रहा है। फलोदी सट्टा बाजार में अनुमान लगाया जा रहा है कि एनडीए को 253 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 209 सीटें जीतने का अनुमान है और कांग्रेस को 117 सीटें मिल सकती हैं।

➡ **पालनपुर सट्टा बाजार:-** यहां एनडीए को 247 सीटें मिलने का अनुमान जताया जा रहा है.।इंडिया गठबंधन को 225 सीटें और भाजपा को 216 सीटें मिलने का अनुमान है, कांग्रेस को 112 सीटें मिल सकती हैं।

➡ **करनाल सट्टा बाजार:-** एनडीए को 263 सीटें मिलने का अनुमान, जबकि भाजपा को 235 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया की कुल सीटों की संख्या 231, जबकि कांग्रेस को 108 सीटें मिल सकती हैं।

➡ **बेलगाम सट्टा बाजार:-** एनडीए को 265 सीटें मिलेंगी, इंडिया को 230 सीटें मिलने का अनुमान है. भाजपा को 223 सीटें तो कांग्रेस को 120 सीटें मिलने का अनुमान है।

➡ **कोलकाता सट्टा बाजार :-** अनुमान है कि एनडीए को 261 सीटें मिल सकती हैं, जबकि इंडिया के खाते में 228 सीटें आ सकती हैं. भाजपा को 218 सीटें जीतने की उम्मीद है, कांग्रेस को 128 सीटें मिलने का अनुमान है।

➡ **विजयवाड़ा सट्टा बाजार :-** एनडीए को 251 सीटें मिलने का अनुमान है, इंडिया गठबंधन कुल 237 सीटें जीत सकता है. भाजपा को 224 सीटें मिलने का अनुमान है, कांग्रेस को 121 सीटें मिल सकती हैं।

➡ **इंदौर सर्राफा :-** एनडीए को यहां 283 सीटों के साथ सबसे आगे रहने का अनुमान जताया गया है, इसमें भाजपा 260 सीटों के साथ सबसे आगे रहने वाली है. इंडिया को 180 सीटें मिल सकती हैं, कांग्रेस पार्टी को 94 सीटें मिलने का अनुमान है।

➡ **अहमदाबाद चोखा बाजार :-** एनडीए को 270 सीटें मिलने की उम्मीद है, जबकि बीजेपी को अपना 241 सीटें मिल सकती हैं. इंडिया को 193 सीटें तो वहीं कांग्रेस पार्टी को 104 सीटें मिलने का अनुमान है.।

➡ **सूरत मघोबी :-** यहां एनडीए को 282 सीटों के साथ आगे रहने का अनुमान है. भाजपा 247 सीटों के साथ बड़ी पार्टी बन सकती है. इंडिया को 186 सीटें मिलने का अनुमान है और कांग्रेस पार्टी के खाते में 96 सीटें आ सकती हैं।

➡ **बोहरी सट्टा बाजार :-** एनडीए को 255 सीटें मिलने का अनुमान है, भाजपा को 227 सीटें मिलने का अनुमान है, इंडिया को 212 सीटें मिलने का अनुमान है और कांग्रेस को 115 सीटें मिल सकती हैं.।

## पीएम मोदी ने मतदाताओं को दी बधाई...



नई दिल्ली। अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी लोगों का हार्दिक धन्यवाद। उनकी सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश में लोकतांत्रिक भावना पनपे। मैं भारत की नारी शक्ति और युवा शक्ति की भी विशेष रूप से सराहना करना चाहूँगा। मतदान में उनकी मजबूत उपस्थिति एक बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।

## ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार


**बूथ पर पसरा सन्नाटा, वोटरों ने कहा...रोड नहीं तो वोट नहीं...**




. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ।. इस बीच मिर्जापुर के मगरदा कला गांव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया । बूथ संख्या 367 और बूथ संख्या 367 पर 1229 मतदाता हैं. लेकिन यहां पर सन्नाटा पसरा हुआ था। गांव में रोड नहीं होने से मतदाता नाराज हैं।.मिर्जापुर के मगरदा कला गांव में बूथ संख्या 367 पर मतदाताओं ने रोड नहीं होने के कारण मतदान का बहिष्कार किया है. सुबह से ही बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़ा।


## पंजाब में मतदान से चंद घंटे पहले बड़ी वारदात

**घर के बाहर बैठे आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या**



पंजाब में मतदान से कुछ घंटे पहले अमृतसर में आप नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरु नगरी में मोटरसाइकल सवार दो व्यक्तियों ने आम आदमी पार्टी के वर्कर और उसके साथी पर गोलियां चलाई। वारदात में घायल हुए चार लोगों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

## संक्षिप्त खबर



### ट्रेन पर गिरा हाईटेंशन तार,कई यात्री जख्मी

**जमशेदपुर,01 जून 2024(ए)।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चांडिल-मुरी रेलखंड पर शनिवार सुबह नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन के ऊपर हाईटेंशन बिजली तार गिरने से बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में बड़ी संख्या में यात्रियों के जख्मी होने की सूचना मिली है। इनमें से एक की मौत की खबर आ रही है, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। रेलवे की टीम रेस्क्यू के लिए मौके पर पहुंची है। बताया गया कि हादसा सुइसा-तिरूलडीह स्टेशन के बीच हुआ। ट्रेन के ऊपर हाईटेंशन तार गिरने से एक बोगी में करंट दौड़ गई। इससे यात्रियों को तेज झटके लगे। हादसे में कई लोग जख्मी हो गए। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। घायलों को पास स्थित बागमुंडी हॉस्पिटल भेजा गया है।

### पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के भाई ने दी धमकी



**72 घंटे में तेरा खेल खत्म**

**छतरपुर,01 जून 2024(ए)।** प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ) के भाई की गुंडागर्दी थमने का नाम नहीं ले रही है। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग ने कल जीतू तिवारी नाम के शख्स के घर घुसकर महिलाओं और लड़कियों की पिटाई की। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें वह डंडे से महिलाओं को पिटाई कर रहा है। वहीं अब उसने अब जीतू तिवारी को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी दी है।

## यह राज्य कहां से लाएगा 9000 करोड़

- एक झटके में 31 मई को रिटायर हुए 16000 कर्मी!



**त्रिरूचिरापल्ली,01 जून 2024 (ए)।** प्रत्येक महीने की आखिरी तारीख सरकारी सेवा में अपनी अवधि पूरा कर चुके कर्मचारियों के सेवानिवृत्त की होती है। तमाम सरकारी संगठनों से बहुत से लोग आज के दिन विदा लेते हैं। लेकिन मई महीने की 31 तारीख केरल के लिए एक अनोखी होती है। इस दिन यहां हजारों की संख्या में लोग एक साथ सेवानिवृत्त होते हैं.। जिससे वहां की सरकार के खजाने पर अचानक बोझ बढ़ जाता है। इस बार के 31 मई को केरल के 16000 कर्मचारी एक झटके सेवा से मुक्त हो गए। जिससे राज्य के राजस्व पर 9000 करोड़ का भार पड़ेगा, तो अब सवाल ये है कि इतना पैसा भुगतान सरकार कहां से करेगी? केरल जिसकी प्रति व्यक्ति जीडीपी भारत की औसतन जीडीपी से 1.6 गुना ज्यादा है, वो आजकल आर्थिक संकटों का सामना कर रहा है। वहां की सरकार ने पहले ही वहां के ज्यादातर कर्मचारियों को पेमेंट करने में हाथ खड़ा कर दिया था। साथ ही जो लोग पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनके पेंशन की भुगतान में भी विलंब हो रहा है। केरल सरकार की वित्तीय स्थिति इस महीने के शुरुआत में ही लड़खड़ा गई थी। यहां की सरकार महीने की शुरुआत से ही ओवरड्राफ्ट में चल रही है. ऐसे में इतने कर्मचारियों के पैसों का एक साथ भुगतान करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

## चुनाव नतीजों से पहले 69.50 रुपए सस्ता हुआ सिलेंडर



**नई दिल्ली,01 जून 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले एलपीजी के ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है। जून 2024 से देश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर सस्ता हो गया है। एलपीजी सिलेंडर के नए दाम 1 जून 2024 से लागू कर दिए गए हैं। सरकारी तेल व गैस विपणन कंपनियों के द्वारा एलपीजी सिलेंडरों के दाम में लगातार तीसरी बार कटौती की गई है।. इस तरह चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के बाद एलपीजी सिलेंडरों के दाम में अब तक 3 बार कमी आ चुकी है। कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर के दाम 69.50 रुपये कम होकर 1676 रुपये रह गए हैं। इससे पहले अप्रैल महीने में दाम में 19 रुपये की कटौती की गई थी तब 1,745.50 रुपये पर आ गया था। मुंबई के लोगों को इस बड़े सिलेंडर के लिए अब 1,629 रुपये का भुगतान करना होगा। इसी तरह कोलकाता में आज से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1,787 रुपये में मिलेंगे. वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की चेन्नई में कीमतें अब 1,840.50 रुपये होंगी।

## एशिया के सरताज बने गौतम अडानी

- मुकेश अंबानी को पछाड़ा...
- बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति...



**नई दिल्ली,01 जून 2024 (ए)।** जैसे ही गौतम अडानी के ग्रूप का मार्केट कैप 18 लाख करोड़ रुपए के पार गया है, वैसे ही वो एशिया के भी सरताज बन गए हैं. अब दौलत के मामले में गौतम अडानी ने मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते एशिया के सबसे अमीर कारोबारी बन गए हैं. खास बात तो ये है कि शुक्रवार को दुनिया के 500 अरबपतियों में से गौतम अडानी की दौलत में सबसे ज्यादा इजाफा देखने को मिला है. खास बात तो ये है कि अडानी की दौलत में 5 बिलियन डॉलर से ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिली है. वहीं, दूसरी मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में मामूली इजाफा देखा गया है. वहीं टॉप 12 अमीरों की लिस्ट में एलन मस्क, जेफ बेजोस और लैरी एलिसन की दौलत में गिरावट देखने को मिली है.

## 17 वीं किस्त का इंतजार करने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर



**नई दिल्ली,01 जून 2024 (ए)।** किसानों को 17वीं किस्त का बेसब्री से इंतजार है।. लाभार्थियों के लिए जल्द ही खुशखबरी आ सकती है. कहा जा रहा है कि केंद्र सरकार 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी कर सकती है। हालांकि, अभी तक इस रिलीज के बारे में सरकार की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जिन किसानों ने ई-केवाईसी कराने का काम पूरा नहीं करेंगे,उन्हें पीएम किसान योजना का लाभ नहीं मिलेगा। यानी उनके खाते में पीएम किसान की 17 वीं किस्त के पैसे नहीं आएंगे.पीएम किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है। इस योजना के तहत सभी सीमांत और छोटे जोत वाले किसान परिवारों को 6,000 रुपये का वार्षिक वित्तीय लाभ मिलता है, जो 2,000 रुपये प्रत्येक की तीन समान किस्तों में वितरित किया जाता है। सभी भूमिधारक किसान परिवार जिनके नाम पर खेती योग्य भूमि है,वे इस योजना का लाभ उठाने के पात्र हैं। योजना के लिए पात्र किसान इन चरणों का पालन करके 17वीं किस्त के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## 4 जून को होगी कृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह मस्जिद पर सुनवाई



**अयोध्या,01 जून 2024 (ए)।** अयोध्या के राम जन्मभूमि का मामला निपटाने और राम मंदिर के निर्माण के साथ ही अब सबकी नजर श्री कृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह मस्जिद विवाद पर टिकी हुई है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई की जा रही है। 30 दिनों तक 18 मुकदमा को लेकर सुनवाई चली है।इसके साथ ही हाई कोर्ट द्वारा फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। इसी बीच एक बार फिर से सुनवाई की जाएगी। मुस्लिम पक्ष द्वारा इसे लेकर अर्जी दाखिल कि गई थी। जिसपर यह फैसला लिया गया है। ईदगाह मस्जिद कमेटी ने कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की हाई कोर्ट द्वारा जजमेंट किए जाने के बाद शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट के वकील महमूद राजा ने ईदगाह कमेटी की तरफ से कहा कि याचिका की पोषणीयता पर मुस्लिम पक्ष को पर्याप्त तौर पर नहीं सुना गया है। ऐसे में सुनवाई होनी चाहिए।

### 4 जून को दोपहर 2:00 बजे से सुनवाई

मुस्लिम पक्ष को अपनी तरफ से और भी दलील पेश करनी है। उसे अपनी बात पूरी करने का मौका दिया जाना चाहिए। इस अर्जी पर जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच 4 जून को दोपहर 2:00 बजे से सुनवाई करेगी। हिंदू पक्ष ने ईदगाह कमेटी की अर्जी पर आपत्ति व्यक्त की है। इसके साथ ही हिंदू पक्ष ने इसे दोयम दर्जे का गलत आरोप बताया है।



## एल्विश यादव पर ईडी का शिकंजा

**नोएडा,01 जून 2024 (ए)।** यूट्यूबर एल्विश यादव मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच की रफ्तार तेज कर दी है। ईडी ने नोएडा पुलिस से संपर्क साधते हुए कोबरा कांड केस की एफआईआर समेत अन्य जानकारी मांगी हैं। डीसीपी नोएडा ने इसकी पुष्टि की है। नोएडा पुलिस के बाद अब ईडी भी इस मामले में जांच कर रही है। ईडी ने कुछ दिन पहले ही शिकायतकर्ता और पीपुल्स फॉर एनिमल (पीएफए) के सदस्य सौरभ गुप्ता का बयान दर्ज किया है।

संपादकीय

# दबावकारी नीति का विरोध

आक्रमण के कारक अमन कराने में उतनी चुस्ती-फुर्ती से कारगर नहीं होते। इससे युद्ध लंबे-लंबे और भयावह होते गए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के ही डेढ़ साल हो गए हैं तो सात महीनों से फिलिस्तीन और इस्राइल के बीच घमासान जारी है। दोनों मामलों में विराम कोसों दूर है।फिलिस्तीन से इस्त्रइल की पिछले महीने युद्ध विराम वार्ता सह समझौते की तारीख रद्द हो गई थी। अब इसी हफ्ते का नया दिन मुकर्रर हुआ है। यह राहत की बात है। अमेरिका की निगहबानी में मिस्र और कतर इसकी अगुवाई करेंगे। फिलिस्तीन की मांग है, इस्त्रइल तत्काल जंग रोके। उसकी तबाह-बरबाद बड़ी आबादी के लिए वैश्विक राहत-पुनर्वास कार्य चलाने दे और फिलिस्तीन राष्ट्र का स्थायी समाधान करे।वहीं तेल अबीब का कहना है कि हमास के आतंकी हमले रोकने की स्थायी गारंटी दें और उसके नागरिक-सैनिक बंधकों को बिना शर्त रिहा करे, गाजा-पट्टी को मुक्त क्षेत्र रहने दे। इन्हें मानने में हर्ज ही क्या है? इस आम ख्याल के विपरीत, अंतिम नतीजे मिलने में कई पेच हैं। फिर भी जंग कुछ दिनों के लिए ही सही, रोकी जा सकती है और बंधकों की रिहाई एवं राहत-पुनर्वास कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा सकते हैं। पर जंग चलती रहेगी और बंधक रिहा भी होंगे' कि इस्त्रइली उम्मीद को पस्त हुआ फिलिस्तीन मानने की स्थिति में नहीं है। इसलिए हमले के जवाब में जोरदार हमले हो रहे हैं। बेंजामिन नेतन्याहू की इस दबावकारी नीति का विरोध उनके अपने घर में हो रहा है। खास कर तीन बंधकों के शव मिलने के बाद बाकी को जिंदा छुड़ाने के मुद्दे पर इस्त्रइली सड़कों पर हैं। यह स्थिति इसके बावजूद है कि इस्त्रइली हमले में 35 हजार से भी अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इसने पूरे विश्व को सिहरा दिया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का नेतन्याहू को तत्काल जंग रोकने और उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश इसी संदर्भ में है। वार्ता पर नई रजामंदी-जंग के बीच ही सही-नेतन्याहू पर बन रहे इसी दबाव को जाहिर करता है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां भी इसी तरफ बढ़ रही हैं। संयुक्त अरब अमीरात एवं बहरीन के दोस्त हो जाने के बावजूद हाथ मिलाते-मिलाते रह गए सऊदी अरब के प्रिंस ने यूरोपियन यूनियन के विदेश मंत्रियों के बीच साफ कर दिया है कि द्वि-राष्ट्रवाद ही समस्या का स्थायी समाधान है। भारत कब से इसी शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का पैरोकार रहा है।

# बुनियादी इकाई बनाना बहुत जरूरी

आधुनिक समाजों की एक विसंगति यह है कि एक ओर अति सफल,अति संपन्न और विख्यात कुछ व्यक्तियों की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो अपने को उपेक्षित और हाशिए पर धकेला हुआ महसूस करते हैं।ऐसी स्थिति से हट कर हमें यथासंभव ऐसी राह निकालनी चाहिए जहां अधिक से अधिक व्यक्ति अपनी प्रगति की ऐसी राह अपनाएं जो पूरे समाज की प्रगति से जुड़ती हो।इस के लिए जो एक बहुत बुनियादी जीवन-मूल्य चाहिए, जो बहुत महत्त्वपूर्ण होते हुए बहुत सरल भी है। वह यह है कि हम कभी भी दूसरों को दुख देने का कुप्रयास न करें तथा यथासंभव दूसरों के दुख-दर्द कम करने का ही प्रयास करें। बेशक, दूसरों का दुख-दर्द कम करने की हमारी क्षमता बहुत सीमित हो सकती है, पर इस सीमा के बीच हम दूसरों का दुख-दर्द कम करने का प्रयास जरूर करें। इसके लिए अपनी क्षमताएं विकसित भी करें। इस बारे में कोई भी व्यक्ति यदि बहुत सावान रहता है कि मुझे किसी को दुख नहीं पहुचाना है, तो वह अपने वाणी, कार्य, सोच को, इस तरह ही अनुशासित करता है, ढालता है।इस तरह अधिक से अधिक लोग प्रयास करते रहें तो बहुत से व्यक्ति स्वयं बेहतर इंसान बनते रहते हैं, और पूरा समाज भी बेहतर बनता रहता है। इससे जुड़ा हुआ दूसरा जीवन-मूल्य है कि हम सभी मनुष्यों की बहुत बुनियादी समानता में विास रखें तथा शर्म, जाति, क्षेत्रीयता, राष्ट्रीयता तथा लिंग आधारित भेदभावों से ऊपर उठकर इंसानियत की सोच या विश्व के सभी लोगों की बराबरी और सम्मान की सोच पर आधारित जीवन जिएं तथा इस तरह की राह बहुत से लोगों की सम्मिलित सोच को विश्व स्तर पर अमन-शांति की सोच से जोड़ें। इस सोच में तरह-तरह की दुश्मनियों, वैर-द्वेष और भेदभाव को जीवन भर पाले रखने का कोई अर्थ नहीं है और यदि ऐसी कोई संकीर्ण सोच पहले से है तो इससे चिपटे रहने के स्थान पर इससे बाहर निकल कर इंसानियत की सोच, सभी लोगों को समता और गरिमा की सोच को अपनाने में ही प्रगति है। तीसरा जरूरी जीवन-मूल्य ईमानदारी है, जिसके साथ यह भी जरूरी है कि मनुष्य अपनी मेहनत की कमाई से ही संतुष्ट रहे और बेईमानी,हर तरह के जुए, दूसरों के हक छीनने की प्रवृत्ति से दूर रहे। विभिन्न अपराधों से अपने को दूर रखना व जो टैक्स देने हों उन्हें समय पर देना भी जरूरी है। ईमानदारी का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष है कि अपने विभिन्न रिश्तों में भी ईमानदारी अपनाना और धोखा देने का कुप्रयास कभी न करना। इससे जुड़ी हुई बात है कि मनुष्य को फिजूलखर्ची और भोग-विलास से बचना चाहिए।अपनी सभी जरूरतों को पूरा करना, कुछ आराम के साधन जुटाना, कठिन समय के लिए कुछ बचत करना-यह सब तो उचित है पर भोग-विलास पर अधिक खर्च करना अनुचित है। ऐसा करने पर पर्यावरण की भी क्षति होती है और समाज के अधिक जरूरतमंद लोगों का हक छिनता है। यदि मनुष्य फिजूलखर्ची से बचेगा तो अपनी जरूरतों को पूरा करने के बाद जो धन उसके पास बचेगा उसका उपयोग वह सार्थक सामाजिक कायरे के लिए कर सकता है। जैसे निर्धन लोगों की सहायता करना, पर्यावरण रक्षा के कार्य करना आदि। विशेष तौर पर सभी तरह के नशे से अपने को दूर रखना जरूरी है क्योंकि विभिन्न तरह के नशे व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर तबाही की प्रमुख वजह है। शराब, तंबाकू, गुटखे, सिगरेट-बीड़ी, तरह-तरह के ड्रग्स सभी से दूर रहना जरूरी है।

-भारत डोगरा-

# राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा

अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं,सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है-समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है,जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है।

नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है।

यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक



गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्टीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं। लोकतंत्र में जनता की भागीदारी केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जनता के स्वतंत्र लिखने, बोलने और करने की स्वतंत्रता का हनन करने वाले शासकों ने इस शासन प्रणाली को ही धुंधला दिया है। शासक ही सोचेगा,शासक ही बोलेगा और शासक ही करेगा-ऐसी घोषणाओं के द्वारा शासक ने जनता को पंगु, अशक्त और निष्क्रिय बनाया है इसका खासतौर से मध्यवर्ग,कामकाजी प्रोफेशनल्स और युवा आबादी में गहरा असंतोष है। शायद यही वजह है कि आज मुश्किल से ही कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है, जिसकी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी हो। गौरतलब है कि शहरीकरण और इकनॉमिक ग्रोथ के साथ-साथ ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक तरह से लोकतंत्र जैसी स्वस्थ और आदर्श शासन प्रणाली भी प्रश्नों के घेरे में है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो और मतदान के साथ-साथ नागरिक सजगता का भी विकास हो।

लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने, चुनाव की खामियों को दूर करने एवं नये लीडर उभारने के प्रयास करने होंगे। आम जनता की सजगता नयी बनने वाली सरकार एवं नये सांसदों की नीतियां और नियत क्या है इस पर भी केन्द्रित हो। वोट देने के बाद हमारे शासक कर क्या रहे हैं, इस पर नजर रखे बिना सजगता संभव नहीं है। सोशल मीडिया में भीड़ है, वह तख्ता पलट तो कर सकती है लेकिन उसके बाद का काम नहीं कर सकती। लिहाजा मतदान पहला कदम है अंतिम नहीं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिये जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से सरकार बनें और सही तरीके से चले भी। अच्छे लोग राजनीति में रूचि नहीं रखते। नागरिक सजगता की कमी इसी समझदार वर्ग में भी कम नहीं है। लोकसभा में अपराधियों की बढ़ती संख्या भी चिंता का विषय है। चुनाव आयोग पार्टियों को पंजीकृत तो कर सकता है लेकिन नियंत्रित नहीं। यह काम जागरूक नागरिक ही कर सकतें है अतः वे उठें और अपना कर्तव्य निभाएं। निष्क्रिय राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द होना चाहिए।लोकतंत्र की यह दुर्बलता है कि सांसदों-विधायकों का चुनाव अर्हता, गुणवत्ता एवं योग्यता के आधार पर न होकर, दल या संस्था के आधार पर होता है। इससे राजनीति स्वस्थ नहीं बन सकती और न ही राजनीति में स्वस्थ, योग्य एवं प्रतिभासंपन्न उम्मीदवारों का चयन होता है। सही व्यक्ति की खोज वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्वस्थ राजनीति में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता इसलिये भी है ताकि लोकतंत्र को हांकने वाला निष्पक्ष हो, सक्षम हो, सुदृढ़ हो,स्पष्ट एवं सर्वजन हिताय का लक्ष्य लेकर चल सके। ऐसी व्यवस्था भी नियोजित की जानी चाहिए है जिसमें स्वतंत्र विचारों वाले जागरूक नागरिकों द्वारा हर सरकार के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए। यह उन्हें अपनी चुनावी घोषणाओं या जीतने के बाद किए गए वायदों के प्रति उत्तरदायी बनाएगा। हमें ऐसे मंच तैयार करने चाहिए जो भारत के उन युवाओं, प्रफेशनल्स और ऊर्जावान नागरिकों को एक साथ लाएं और आपस में जुड़ने का अवसर दें, जो इस देश की तस्वीर बदलना तो चाहते हैं लेकिन ऐसा कर नहीं पाते क्योंकि उनके पास मंच नहीं है। भावी नेतृत्व को तैयार करने के लिए हमें उनकी ऊर्जा को सही चैनल देने की पहल करनी होगी। यही युवा, सक्रिय नागरिक और प्रफेशनल अपने पेशे, अपने तौर-तरीकों और नागरिकों मूल्यों की वजह से दूसरों के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभायेंगे। यही लोग अगली पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बन जायेंगे। हमें भारत के विशाल प्रांगण में हर कोने में ऐसे लोगों की तलाश करनी होगी। ऐसे लोगों की तलाश और उन्हें लोकतंत्र के प्रशिक्षण का समुचित प्रबंध होना जरूरी है।

-ललित गर्ग-

# आत्मनिर्भरता ही मनुष्य के स्वाधीनता की प्रेरणा

### श्रेष्ठ होने के प्रमुख अवयव

पराधीन सपने हूं सुख नाही यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति
आवश्यक है । एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई,पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं, पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस, इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी।

हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्टों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी दैव दैव आलसी पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है। दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है। खुद के परिश्रम श्रम से आगे बढ़ने वाला देश या व्यक्ति या समाज सदैव प्रफुल्लित आत्म विश्वासी तथा विकास की ओर सदैव अग्रसर रहता है। हमें सदैव अपने अंदर के आत्मविश्वास, छिपी हुई क्षमताओं मनोबल का सहारा लेकर आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य को मनुष्य होने का अधिकार प्राप्त होता है। पराधीन देश सामान्य व्यक्ति सदैव पशु तुल्य होते हैं। जिनका अपना कोई विचार या व्यक्तित्व नहीं हो सकता है। कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता

**राम सहायक उनके होते,**
**जो होते हैं, आप सहायक,**

हम सबको स्वयं पर भरोसा रखना आत्मबल बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा देती रहती हैं।

## हर रूप में बस आप हो



**प्रेम ठक्कर**
दिकुप्रेमी
सूरत,
गुजरात

हर रूप में बस आप हो,
हर साँस में बस आपका एहसास है।
जीवन की इस पगडंडी पर,
सिर्फ आपके कदमों का ही विश्वास है।
बिछड़न का वो लम्हा,
आज भी दिल में टीसता है।
हर धड़कन में आपकी सूरत,
हर नजर में बस आपका ही अक्स बसता है।
प्रेम नामक ये दिल,
आपके बिना अधूरा सा है।
यादों की बारिश में भीगता,
यह मन बस आप ही का प्यासा है।
दिन में आपका नाम लेता हुआ,
रातों को चाँद से बातें करता है।
सपनों में भी आपकी ही सूरत,
जैसे चांदनी की रौशनी बिखेरता है।
हर गीत में बस आपकी धुन,
हर लफ्ज़ में बस आपका नाम है।
जीवन के इस सफर में,
आपके बिना आराम भी हराम है।
हर रूप में बस आप हो,
हर खूवाब में बस आप हो।
प्रेम के जीवन की हर इच्छाओं में,
इंतज़ार भरी आखों में सिर्फ और सिर्फ
आप हो।
प्रेम का इंतज़ार अपनी दिकु के लिए

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## गर्मी का हाहाकार




**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली,छत्तीसगढ़

नौतपा में सूरज उगल रहा आग अंगार।
दुनिया में चारों तरफ मचा है हाहाकार
गर्म हवाएँ बहती हैं,कहते हैं इसको लू।
अब छाँव चाहे छाँव,
रवि का है जादू।।
व्याकुल हैं कर्म पुरुष
मजदूर और किसान।
रोटी के लिए मेहनत
करते लगा जी-जान।।
गाड़ियों के टायर में
हो रहा बम विस्फोट।
अग्नि की वर्षा से
निरीह जन हुए अमोक।।
झुलस गए पेड़-पौधे,
सूखे सभी जल स्रोत।
जलीय जीव दुखी,
जो थे आनंद ओत-प्रोत।।
गोरे जीव-जंतु हो गए
काजल समान काले।
रसहीन सबके कंठ,
जीवन अमृत के लाले।।
प्यास से तड़प रहे
अमीर-गरीब राहगीर।
भौतिक साधनों के
पहने महंगी जंजीर।।
पेड़ लगता नहीं कोई,
छाया सभी चाहते हैं?
एक वृक्ष है दस पुत्र
समान सभी कहते हैं।।
जागो! सभी को बनना है
पर्यावरण मित्र।
सुखद,शांतिपूर्ण होगा भविष्य का चित्र

# गोलोकवासी माँ को शत् -शत् नमन

प्रिय मम्मी आज भी बुधवार है आपको गए हुए अपनी इस बिटिया को छोड़कर माया रूपी दुनिया से 6 वर्ष पूर्ण हुए। उम्मीद करती हूं आप जहां भी होंगी बहुत खुश होंगी। पता



**मांडवी सिंह,**
रामकोला-
कुशीनगर,
उत्तर प्रदेश

नहीं आप मुझे याद करती हैं या नहीं पर आपके जाने के बाद से कोई दिन और रात ऐसा नहीं हुआ कि आपको मैंने अपने मन मस्तिष्क में याद ना रखा हो। पर आज के दिन इस 30 नवंबर की तारीख पर वह पूरा 29 और 30 नवंबर का दिन मेरे स्मृति चिन्ह को झकझोर कर रख देता है। जब यह नवंबर का मास चढ़ता है तब से आपकी वह कैंसर की पीड़ा नवंबर के हर एक तारीख के साथ मेरे मन मस्तिष्क को झकझोरती रहती है 6 वर्ष पूर्व कैसे मैंने यह दिन 29 और30 तारीख कैसे बिताए सोचकर रूह कांप जाती है शायद ही कोई बच्चा हो दुनिया में जो अपने माता पिता के लिए ऐसा प्रार्थना ईश्वर से करता हो कि हे ईश्वर अब आप इन्हें ले जाएं पर मैं उस अभागन संतान में से एक संतान हूं दुनिया में कि मैंने ईश्वर से आपको ले जाने की 30 नवंबर को प्रत्येक क्षण विनती की और देखिए ना ईश्वर ने मेरी सुन भी ली। 2015 में जब पता चला कि आप को कैंसर हो गया है और वह आखिरी स्टेज पर है तो लखनऊ का डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल मुझे शमशान के तरह ही लगने लगा था वहां एक-एक क्षण बिताना और आप से नजर मिला कर बताना कि आपको कैंसर हो चुका है वह भी आखिरी स्टेज पर है इतना ज्यादा पीड़ादायक था शायद उतना मेरा मां बनना भी नहीं था मैं मां बनी तो भी उतनी पीड़ा मैंने सहन नहीं की जितनी पीड़ा तब हुई जब मेरी मां मुझसे दूर हो रही थी।

उस दिन से हर रोज ईश्वर से प्रार्थना करती रही कि मेरे जीवन की हर खुशियां ले ले पर आपकी जिंदगी बख्श दें पर ईश्वर ने मेरी एक ना सुनी, और 30 नवंबर 2016 के दिन जब मैंने यह प्रार्थना की हे भगवान मेरी मां को इस कष्ट से इस असहनीय पीड़ा से मुक्त करो और अपने पास ले जाओ तो उनको तनिक भी देर नहीं लगी मेरी यह गुहार सुनने में। आपकी पीड़ा इतनी असहनीय थी कि मैं खुद आपको अपने से दूर करना चाहती थी ताकि आपको इस पीड़ा से इस दर्द से मुक्त कर सकूं। आप तो उस दर्द से मुक्त हो गई आजाद हो गई, पर उससे कहीं अधिक पीड़ा आज भी आपकी इस बेटी के मन मस्तिष्क में कैंसर से भी भयानक असहनीय दर्द पैदा करता रहता है।

अब ये आपकी बिछोह वाली पीड़ा दूर होने नहीं है ये असहनीय पीड़ा अब जीवन के साथ ही जाएगी। आपके जाने के 4 वर्ष पूर्व 23 दिसंबर 2012 को पापा ने साथ छोड़ दिया और 30 नवंबर 2016 को आपने। आप दोनों के जाने के बाद से बिल्कुल अकेले पड़ गई हूं। आप लोगों के जाने के बाद प्रत्येक क्षण ईश्वर से अपने लिए भी यही कहते थी कि मुझे भी ले चलो कोई इच्छा ही नहीं थी इस दुनिया में जीने की माता पिता के चले जाने के बाद दुनिया में कुछ बचता ही नहीं है एक बेटी के लिए। बेटे तो फिर भी मुझे ऐसा लगता है कि एक समय के साथ भूल जाते हैं अपने गृहस्थ जीवन में आगे बढ़ जाते हैं पर बेटियां गृहस्थ जीवन में होने के बावजूद भी माता पिता का बिछोह बर्दाश्त नहीं करती जीवन के आखरी क्षण तक। मम्मी आपके जाने के 2 साल के बाद मैं भी मां बनी हां अब प्रार्थना नहीं करती हूं ईश्वर से कि मुझे ले चलो क्योंकि जानती हूं कि मां के बिना दुनिया में बच्चों का कोई होता नहीं अब अपने बच्चे के लिए जीना चाहती हूं मम्मी। तो अब ईश्वर ऐसा क्यों मेरे साथ कर रहा है कि उसे अब जल्दी पड़ी है मुझे ले जाने की।

अब इस पीड़ा में रहती हूं कि कहीं मेरा बच्चा मेरे ना रहने के बाद अनाथ ना हो जाए। आप लोगों के जाने की असहनीय पीड़ा अभी तक तो झेल ही रही हूं पर अब इस पीड़ा को भी झेल रही हूं कि कहीं मैं भी वक्त के पहले ना निकल लूं अपने बेटे को छोड़कर। कभी कभी खुश भी होती हूं कि अगर इस संसार को छोड़कर आयी तो आप लोगों से मिलूंगी पर जब पार्थ का चेहरा देखती हूं तो मन बहुत उदास हो जाता है कि उसका फिर कोई नहीं होगा इस दुनिया जहान में मेरे बाद। खैर दुनिया में जो आया है उसे तो जाना ही है पर ईश्वर ऐसा क्यों करता है कि बच्चे अभी ठीक ढंग से चलना भी नहीं सीखे और माता पिता का साया उनके सर पर से वह छीन लेता है और यह मेरे साथ तो खूब किया ईश्वर ने। अभी जीवन मेरा किसी मुकाम पर भी नहीं पहुंचा था कि आप दोनों ही मुझे इस दुनिया में मेरी जिंदगी को उथल-पुथल करके मम्मी पापा आप दोनों चले गए। पर आप दोनों लोगों ने जो सीख और संस्कार का बीज बोया था उस पगडंडी के सहारे चढ़कर के जीवन रूपी नैया पार लगाने की कोशिश अनवरत जारी है मां। हमारे देश में ऐसा माना जाता है कि विवाह के बाद पति-पत्नी सात जन्म तक एक साथ पति-पत्नी के रूप में बंधे रहते हैं यह कितना सत्य है मुझे नहीं पता, ऐसा होता है या नहीं मुझे नहीं पता, पर मैं इतना अवश्य चाहती हूं कि मुझे सात जन्मो तक आप ही मां के रूप में और पापा पिता के रूप में प्राप्त हो ताकि जो अधूरी ख्वाहिश इस जीवन में हमारी रह गई आपने हमें अपने सेवा का अवसर बिल्कुल नहीं दिया वह हम अगले जन्म में अवश्य पूरा कर सकें हर जन्म में तुम ही मिलो मां, मां के रूप में सात जन्म नहीं जब जब जन्म मिले तब तब आप ही दोनों माता पिता के रूप में मिलो यह प्रत्येक दिन ईश्वर से मैं प्रार्थना करती हूं शायद ईश्वर जिस तरह से इस प्रार्थना को स्वीकार कर लिया कि आपको अपने पास बुला लिया मेरी एक प्रार्थना पर, तो इस प्रार्थना को भी अवश्य स्वीकार कर ले कि जब जब जन्म मिले तो आप ही मां और पापा पिता के रूप में प्राप्त हो मुझे आपके और बच्चों का तो मुझे नहीं पता पर मैं अपने लिए तो यही मांगती हूं अगले जन्म मोहे बिटिया ही कीजो,शोभा (आपका नाम) मम्मी के रूप में और श्री राम पिता (पापा का नाम )के रूप में दीजो। मम्मी पापा सच में आप बहुत याद आते हो, बहुत याद आते हो ,बहुत याद आते हो ,इस समय गला भर गया है आंखों में आंसू इतने ज्यादा तैर रहे हैं कि मोबाइल पर ठीक से देख भी नहीं पा रही हूं कि क्या टाइप हो रहा है बहुत कुछ आपके बारे में लिखना चाहती थी पर मन बहुत भारी हो गया मम्मी मैं बहुत अभागन बेटी थी कि मुझे इतना कम समय आपका पापा का मिला कि...मैं अपना सुख भी भले क्षण भर के लिए ही रहा मेरे जीवन में वह भी आपसे साझा ना कर सकी ना बांट सकी और ना ही मेरे जीवन का पहाड़ सा दुख आप दोनों से बांट सकी। बहुत याद आती है मम्मी बहुत पीड़ा में रहती हूं मैं । बेटियां तो मां से ही सारी पीड़ा अपनी कहती हैं पर मैं किससे कहूं समझ में ही नहीं आता बिल्कुल अकेली पड़ गई हूं इस दुनिया में आप दोनों लोगों के जाने के बाद। जब बहुत उदास होती हूं दुनिया के ताने-बाने से आपके और पापा के तस्वीर के सामने बैठ कर के ही रोती बिलखती हूं पता नहीं आपको मेरी आवाज सुनाई भी देती है या नही। पर थोड़ी सी शांति अवश्य मिलती है ऐसा लगता है कि मानो आप कह रहे हो कि हिम्मत रखो एक दिन सब ठीक हो जाएगा। फिर उसी हिम्मत के सहारे अगले दिन हिम्मत से काम लेती हूं और ऐसे ही करते करते आप दोनों के जाने के बाद से जीवन के इतने कठिन साल इसी उम्मीद के साथ कट रहे हैं।

बस एक ही प्रार्थना आप लोगों से हैं कि आपके जीते जी तो आप लोगों का मान नहीं बढ़ा पायी पर इतना आशीर्वाद दीजिए कि आपके मरणोपरांत आपका मान सम्मान बढ़ा सकूं फिर भी अगर मुझसे कहीं कोई ऊंच-नीच हो जाती होगी तो उसके लिए आप लोगों से माफी भी मांगती हूं मुझे हमेशा अपनी छत्रछाया में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहिएगा जीवन भले कठिन है मेरा पर आपके प्रेरणा के सहारे आशीर्वाद के सहारे आगे बढ़ सकूं इसी आशीर्वाद की आकांक्षी है आपकी बिटिया आपके अनंत प्रेम और आशीर्वाद की आकांक्षी आपकी बेटी दुनिया तो मांडवी के नाम से जानती है पर आप हमेशा रूबी ही बुलाती थी। इसलिए आज भी आपकी रूबी ही हूं।अनंत और अखंड प्रेम के साथ मां

## मचा हुआ है हाहाकार



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

मचा हुआ है हाहाकार
भीषण गर्मी के कारण
धरती अम्बर धधक रहा है
जलने लगा है पर्यावरण।
जीव-जगत हैं, त्राहि-त्राहि
हरियाली भी है हलाकान
पेड़-पौधे सब झूलस रहे है
और झूलसे हैं सारा जहान।
पेड़-पौधे खुद बिलख रहे हैं
और ये छाया भी है परेशान
इन पेड़ों की कोई दर्द न जाने
अनजान बना है यह इंसान।
एक पेड़ कोई, लगाता नही
सैकड़ों पेड़ उजाड़ जाता है
यह इंसान खुद अपने पैरों
पर कुल्हाड़ी मार जाता है।
जब पडती है भीषण गर्मी
वह छाया तलाश करता है
जिस पेड़ों में शरण लेता है
फिर उसी पेड़ को काटता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# बिना परमिशन सैकड़ों पेड़ों को काट कर बनाया जा रिसार्ट

## » वर्षों से काबिज ग्रामीणों को हटाकर की जमीन की खरीदी बिक्री » राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी की मीली भगत








पट्टे की भूमि को जेसीबी से समतलीकरण करा ग्रामीण को दिला रहे थे कब्जा

**- मनोज कुमार -**
**लखनपुर,01 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा ज़िला आदिवासी बहुल क्षेत्र है जहां बड़ी संख्या में आदिवासी जनजाति के लोग निवास करते हैं। यहां निवास करने वाले आदिवासी और भोले-भाले लोगो को डरा धमका कर जमीन की खरीदी बिक्री की जा रही है। कुछ ऐसा ही मामला सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम सोयदा में देखने को मिला जहां बड़े पैमाने पर आदिवासी के जमीनों को खरीदी बिक्री करने का खेल जारी है इस क्षेत्र में लंबे समय से भू माफिया सक्रिय हैं। लखनपुर तहसिल क्षेत्र के कुन्नी राजस्व बीट अंतर्गत ग्राम चांदो और सोयदा में भू माफियाओ द्वारा आदिवासी लोगो को लोभ प्रलोभन व डरा धमका कर उनकी जमीनों को खाली करा कर राजस्व के अधिकारियों व पटवारियों से साठ गांठ कर पट्टा बनवा खरीदी बिक्री किया जा रहा है। जमीन की खरीदी बिक्री के बाद बिना अनुमती सैकड़ो पेड़ो को काटकर समतलीकरण किया जा रहा है। और जो जमीन की बिक्री हो गई है उन जमीनों पर रिसोर्ट बनाया जा रहा है। जिस जमीन पर रिसोर्ट बनाया जा रहा है। उस जमीन पर कई वर्षो से तेमा तुरी सहित अन्य ग्रामीण काबिज थे। जहां पूरा देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था वही भू माफिया जमीनों की खरीदी-बिक्री में मस्त थे। भू माफियाओं के द्वारा जनवरी 2021 में आरआई,पटवारी से मिलकर उक्त भूमि को जिला के बड़े अधिकारियों को बेच दिया गया था। तहसील कार्यालय के आदेश बिना अप्रैल 2021 में उक्त भूमि में काबिज ग्रामीणों को जबरन वहां से हटकर जेसीबी मशीन से जमीन को समतलीकरण कर तार फेसिंग से घेर दिया गया। और अनेक पेड़ों की कटाई कर रिजॉर्ट बना दिया गया है। और रिसॉर्ट के अगल-बगल वाले भूमियों की भी खरीदी बिक्री की गई थी ग्रामीण महिला की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर खरीदी बिक्री को निरस्त कर दिया गया था।

सोयदा के खसरा नंबर 1/8, 54/1,1/25,1/108तहसील कार्यालय से मार्च 2021के आदेश के बाद चांदो हलका के तत्कालिन आर आई सबल साय एक्का तत्कालीन पटवारी हेमलता श्रीवास ने 28 एकड़ 15 डिसमिल भूमि का सीमांकन कर चिन्हांकित किया गया उक्त भूमी पर सोमारू और थेंमा तूरी काबिज थे। तहसीलदार कार्यालय के बिना आदेश के पटवारी,आरआई जेसीबी मशीन लगाकर उक्त भूमि को समतलीकरण कराये और जिले के बड़े अधिकारी को कब्जा दिलाया। वर्ष 2021 अप्रैल में अखबारों में खबर प्रकाशित हुई थीं। अब समझने वाली बात यह है की खसरा नंबर अलग-अलग होने के बाद भी पीछे जंगल और सामने सड़क दोनो के बिच एकचक प्लाट बना दिया गया है। और चारों ओर से फेंसिंग तार लगा घेर दिया गया है। जो जांच का विषय है।



# अघोषित बिजली कटौती से शहरवासियों को हो रही असुविधा

**» भाजपा नेता ने मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,01 जून 2024 (घटती-घटना)।**

अघोषित बिजली कटौती की समस्या को लेकर प्रदेश सह कार्यालय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा गोपाल सिन्हा ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से गोपाल सिन्हा ने अवगत कराया है कि अंबिकापुर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से निरंतर बिजली कटौती हो रही है। इस समस्या का कारण पूरे शहरवासी को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के कारण न केवल घरेलु कार्य प्रभावित हो रहे हैं बल्कि हॉस्पीटल में भर्ती मरीज, पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी और कामकाजी लोगों का भी कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। समस्या दूर नहीं होने पर नगरवासियों के साथ धरना देने की चेतावनी दी है।

# संलग्न और अतिशेष शिक्षक आचार संहिता खत्म होते ही हटाए जाएंगे : अशोक सिन्हा

**» जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में प्राचार्यों,बीईओ, एबीईओ,बीआरसी और सीएसी की हुई बैठक...**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 01 जून 2024 (घटती-घटना)।**

जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को दो पालियों में शासकीय बहुउद्देशीय उमावि अंबिकापुर, में समस्त शासकीय उमावि और हाई स्कूल के प्राचार्यो और सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी एवं सीएसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2023-24 परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम, सत्र 2024-25 में हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु कार्य योजना पर चर्चा की गई।




बैठक में जिले के जर्जर स्थिति वाले विद्यालय की जानकारी ली गई ताकि डिस्मेंटल की कार्यवाही की जा सके। शाला प्रवेश उत्सव हेतु शाला परिसर एवं भवन की साफ-सफाइ एवं रंगरोगन का काय 16 जून स पूर्व पूर्ण करने,पेयजल,शौचालय एवं विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित करने,विद्यार्थियों हेतु फर्नीचर की व्यवस्था पूर्ण करने, दाखिला पंजी संधारित करने,निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेष वितरण, मध्यान्ह भोजन संचालन, शाला विकास समिति की बैठक आयोजित करने,पाठ्य पुस्तक वितरण एवं पोर्टल में एंट्री की स्थिति, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत् प्रवेश पर चर्चा की गई। इसी तरह बैठक में व्याख्याताओं के विषयवार रिक्त पदों की जानकारी, प्रत्येक 03 माह में पालक शिक्षक सम्मेलन आयोजित करने, अतिशेष शिक्षकों की जानकारी प्रस्तुत करने, अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी तैयार कर कार्यालय में प्रस्तुत करने, और समस्त सीएसी को निरीक्षण डायरी बनाने हेतु निर्देशित किया गया। जिस

# 20 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,01 जून 2024 (घटती-घटना)।**



गांधीनगर पुलिस ने 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ महिला को गिरफ्तार किया है। वह घर में शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही थी। पुलिस ने महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह को मुखबिर से जानकारी मिली की थाना क्षेत्र के नमनाकला शनिमंदिर के पास एक महिला अपने घर में शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सीता चौहान नामक महिला के घर में छापेमारी की। महिला के कब्जे से पुलिस ने 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। जो बिक्री करने के लिए रखी थी। पुलिस ने आरोपी सीता चौहान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# भाई की प्रताडऩा से परेशान युवक ने कर ली थी आत्महत्या, आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,01 जून 2024 (घटती-घटना)।**

मझले भाई की प्रताडऩा से तंग आकर युवक ने 17 जनवारी को मणिपुर थाना क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। भाई ने मृतक व उसकी पत्नी को घर से निकाल दिया था। मामले में पुलिस ने आरोप के खिलाफ धारा 306 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार भोज राम ग्राम कोसगा थाना लखनपुर का रहने वाला था। वह 15 जनवरी को पत्नी के साथ अपनी भांजी के घर मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरढोढ़ी आया था।



17 जनवारी की सुबह वह घर से कुछ दूरी पर खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही थी। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक आपस में तीन भाई होते थे। मझला भाई भोला राम मृतक व एक अन्य भाई के साथ मारपीट व झगड़ा विवाद करता था। और जमीन का आपसी बटवारा नहीं होने देने चाहता था। मृतक व उसकी पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया था। दोनों भांजी के घर बरढोढ़ी रहने आए थे। यहां प्रताडऩा से परेशान भोज राम ने आत्महत्या कर ली थी। मझले भाई भोला राम के प्रताडऩा से तंग आकर भोज राम ने आत्महत्या कर ली थी। जांच में मामला सही पाए जाने पर मणिपुर पुलिस ने आरोपी मृतक के भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# सूने मकान का ताला तोडक़र चार लाख का जेवरात पार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,01 जून 2024 (घटती-घटना)।**

कोतवाली क्षेत्र में 30 मई की रात को अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोडक़र 4 लाख के जेवरा पार कर दिया है। मकान मालिक परिवार के साथ घर में ताला बंद कर हज का विदाई लेने अपने ससुराल मध्यप्रदेश गया था।



जानकारी के अनुसार मोइन रजा कोतवाली थाना क्षेत्र के श्रीगढ़ का रहने वाला है। वह कैमरा रिपेयरिंग का काम करता है। 30 मई की रात करीब 11 बजे अपने घर में ताला बंद कर परिवार के साथ मध्यप्रदेश ससुराल हज का विदाई लेने गया था। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी इरफान ने मोबाइल से सूचना दी की आपके घर का ताला टूटा हुआ है। चोरी की आशंका पर मोइन वापस आकर देखा तो घर के दरवाजे व अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ था। वहीं कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। कमरे के अंदर दो अलमारी का लॉक टूटा था। अलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र 1 नग, सोने का हार 1 नग, सोने का मंचली 13 नग, सोने का झुमका 1 सेट, सोने की अंगूठी 1 नग, सोने का लॉकेट 2 नग, पायल, बिछ्या चोरों ने पार कर दी है। कुल चोरी 4 लाख रुपए की बताई जा रही है। मोइन रजा ने ममोल की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिजली बिल बढ़ोतरी करना जनता के ऊपर भाजपा का अत्याचार शुरू

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,01 जून 2024 (घटती-घटना)।**



बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी जनता के ऊपर अत्याचार है। युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत के दामों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दिया है, यह अनुचित है। भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण छत्तीसगढ़ का आम आदमी परेशान हो गया है। साय सरकार नागरिकों को हर तरफ साय साय परेशान करने की नीयत से काम कर रही है। सरकार ने रजिस्ट्री छूट को समाप्त किया,ईवे बिल को समाप्त किया, अब बिजली बिल के दाम में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दिया गया। बिजली के दाम बढने् से घरेलू के साथ-साथ उद्योगों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा। उद्योगों को महंगी बिजली मिलेगी तो उनके उत्पादों का महंगा होना स्वाभाविक है। ऐसे में आम आदमी पर दोहरी मार पड़ेगी। भाजपा की नीयत कमीशनखोरी करना है, उसे आम आदमी की सहूलियतों से कुछ लेना देना नहीं है। जबकि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ वासियों को आधा बिजली बिल के साथ दरों में भी कटौती की थी ये से सरकार आम जनता को राहत न देकर उससे महंगाई की मार से और दबाना चाहती है जबकि इन्होंने अपने गारंटी में रसोई गैस 500 और महंगाई कम करने की बात की थी पर ये गारंटी भी अब फेल दिखती नजर आ रही है।

# गाड़ी चलाते हुए ये गलती.. तो कटेगा रू.25000 का चलान

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,01 जून 2024 (घटती-घटना)।**

1 जून की शुरुआत के साथ ही कई नए नियम लागू हो गए है तो कई पुराने बदल गए है। अगर आप सड़क पर गाड़ी लेकर निकल रहे हैं तो आज से ट्रैफिक नियम में होने वाले बदलाव के बारे में जरूर जान लें। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 1 जून से ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियम में बदलाव किया है। 1 जून 2024 से ड्राइविंग लाइसेंस का नया नियम लागू हो गया है। वहीं अगर गलती हुई 25000 रुपये तक का चलान कट सकता है।

### 1 जून से बदल गया ड्राइविंग लाइसेंस का नियम

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (रूक्षत्रञ्ज॥) ने 1 जून से ड्राइविंग लाइसेंस के नियम को आसान बना दिया है।. लाइसेंस के प्रोसेस को आसान बनाया गया है। नये नियम के मुताबिक कोई भी व्यक्ति प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर पर जाकर अपना ड्राइविंग टेस्ट दे सकता है। बता दें कि,पहले सिर्फ आरटीओ में ही ड्राइविंग टेस्ट होते थे,लेकिन अब आप किसी भी मान्यता प्राप्त ड्राइविंग स्कूल में जाकर वहां ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं। सरकार इसके लिए उन सेंटर को सर्टिफिकेट इश्यू करेगी। नए नियम लागू होने से RTO में लगने वाली लंबी कतार से आजादी मिल जाएगी। ड्राइविंग टेस्ट के बाद सेंटर आपको सार्टिफिकेट जारी करेंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप आरटीओ में लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे।



### गलती हुई तो लगेगा 25000 का जुर्माना

तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों को अब संभल जाने की जरूरत है। अगर आप तय लिमिट से ज्यादा तेज गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए तो 1000 से 2000 रुपये का जुर्माना लगेगा। वहीं अगर कोई नाबालिग गाड़ी चलाता हुआ पकड़ा गया तो उसे 25000 रुपये का जुर्माना लेगा होगा। इतना ही नहीं 25 साल तक इसका लाइसेंस रिन्यू नहीं किया जाएगा। वहीं नाबालिग के माता-पिता और वाहन मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। गाड़ी का रजिस्ट्रेशन तक रद्द किया जा सकता है।

### फीस में भी संसोधन

केंद्र सरकार ने 1 जून से ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन और रिन्यू के लिए संबंधित शुल्क में भी संशोधन किया है। नए नियम के तहत परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस या लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने या फिर रिन्यू के लिए 200 रुपये का शुल्क देना होगा।

# चीन के सोशल मीडिया पर छाए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति,लोगों ने ट्रंप की सजा पर लिया मजा

**बीजिंग, 01 जून 2024।** पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत गुरुवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। हालांकि अब उनकी सजा से चीन में हड़कंप मच गया है। यहां के लोगों में पूर्व राष्ट्रपति की सजा को लेकर जिज्ञासा बनी हुई है।

## ट्रंप की चुनौतियों का चीन उठा रहा लाभ

अमेरिका और चीन के रिश्तों में तनातनी की खबरें किसी से छिपी नहीं है। एक उभरती सत्तावादी महाशक्ति के रूप में चीन ने लंबे समय से अपनी राजनीतिक प्रणाली को अमेरिकी लोकतंत्र से बेहतर के रूप में पेश करने की कोशिश की है। अब ट्रंप की सजा ने इसे कहीं न कहीं साबित कर दिया है। दरअसल,कई महीनों से चीनी प्रचारक ट्रंप की कानूनी चुनौतियों को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। मामले को एक खास मुद्दा बनाकर वह अमेरिका के खिलाफ बीजिंग की चाल को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। इतना ही नहीं, बल्कि लंबी कानूनी लड़ाई को अमेरिकी राजनीति में ध्रुवीकरण का सबूत बता रहे हैं।

## यह है मामला

गौरतलब है, 77 साल के ट्रंप पहले अमेरिकी राष्ट्रपति हैं,जिन्हें अपराधी घोषित किया गया है। हालांकि,ट्रंप ने अपने



खिलाफ चलाए जा रहे इस मुकदमे को अपमानजनक और धांधलीपूर्ण बताया। उन पर साल 2016 में व्हाइट हाउस में आने से पहले पूर्व पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स के साथ अपने यौन संबंधों को छिपाने के लिए व्यापारिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। इस मामले में 34 आरोप, 11 चालान, 12 वाउचर और 11 चेक पेश किए गए।

## चीन में ट्रेंडिंग ट्रंप

चीन के सोशल मीडिया मंच वीबो (Weibo) पर ट्रंप की सजा का विषय ट्रेंड कर रहा है। अबतक 12 करोड़ से अधिक बार इसे देखा गया है। कमेंट में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं। कमेंट में ट्रंप के समर्थकों से कैपिटल को जुटाने और हमला करने का आग्रह किया गया है। वहीं, एक अन्य ने पूर्व राष्ट्रपति को कॉमरेड नेशन बिल्डर ट्रंप के रूप में बुलाया। इतना ही नहीं एक शख्स ने तो व्यंग्यात्मक रूप से यह तक कह दिया कि उनकी नीतियां अनजाने में चीन की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं की सहायता कर रही थीं।

ट्रंप को उनके राष्ट्रपति पद के दौरान काफी नाम मिले। पूर्व राष्ट्रपति को उनकी अलगाववादी विदेश नीति और विभाजनकारी घरेलू एजेंडे के लिए चुआन जियांगुओ, ट्रंप दी चीनी राष्ट्र निर्माता जैसे नाम भी दिए गए। वहीं कुछ लोगों ने उन्हें चीन के विकास के लिए फायदेमंद माना।

चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रंप को सजा सुनाए जाने का मजाक बनाया गया। एक ब्लॉगर ने 40 लाख फॉलोवर को सुझाव देते हुए कहा,ऐसा लगता है कि इस साल अमेरिका में गृहयुद्ध होना सिर्फ एक सपना नहीं है! एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, हालांकि वह दोषी है, फिर भी वह राष्ट्रपति चुनाव में शामिल हो सकते हैं। एक अपराधी राष्ट्रपति बन सकता है। यह पश्चिमी शैली के लोकतंत्र का हास्यास्पद पहलू है।

## जमीन में सोने के दौरान सांप ने युवक को डंसा...मौत

– संवाददाता –
अंबिकापुर,01 जून 2024
(घटती-घटना)।

ग्राम सरगा में 30 मई की रात को जमीन पर सोने के दौरान एक युवक सर्पदंश का शिकार हो गया था। उसे इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने शुक्रवार की दोपहर उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बुद्धदेव पिता डुगरू नागवंशी उम्र 45 वर्ष सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरगा का रहने वाला था। 30 मई की रात को वह खाना खाने के बाद घर में ही जमीन में बिस्तर लगाकर सोया था। 31 मई की सुबह 6 बजे उठने के बाद वह परिजन को बताया कि रात को सांप ने डंस लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दुर्गम क्षेत्र लोटाढोडी में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर मिले तीन कुपोषित बच्चे तीन परिवारों का बना आयुष्मान कार्ड

– संवाददाता –
लखनपुर,01 जून 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड में 3 किलोमीटर पहाड़ चढकर पहुंचविहीन ग्राम लोटा ढोडी में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जहां विशेष आरक्षित जनजाति के परिवारों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जांच के दौरान तीन कुपोषित बच्चे मिले वहीं तीन परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाते हुए गर्भवती महिलाओं का शुगर बीपी वजन ऊंचाई सहित अन्य जांच कर निशुल्क दवा का वितरण करते हुए पोषण आहार के संबंध में जानकारी दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर एवं मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एन गुप्ता के निर्देश पर बीएमओ डा पी एस मारको के मार्गदर्शन में लखनपुर और मैनपाट के तराई क्षेत्र में बसा





पहुचविहीन ग्राम लोटाढोडी में आयुष,स्वास्थ्य और महिला बाल विकास द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेष आरक्षित जनजाति के शिशुवती माताये बच्चों और बुजुर्गो का जांच सहउपचार उपरांत दवा का वितरण किया गया है। जांच के दौरान तीन कुपोषित बच्चे मिले दवा वितरण कर पोषण आहार के संबंध में माता-पिता को विस्तृत जानकारी दी गई। आयुष विभाग के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर यू के साहू ने बताया कि लोटाढोडी में विशेष आरक्षित जनजाति के 39 परिवार निवासरत है।जिन्हें मौसमी बीमारियों से बचने, ताजा भोजन का सेवन करने प्रेरित किया गया साथ ही सांप काटने पर तत्काल उपचार हेतु अस्पताल ले जाने तथा झाड़फूंक से दूर रहने की सलाह दी गई ढोड़ी व कुआँ में बिलीचिंग पाउडर समय-समय में डालकर पानी का उपयोग करने सलाह दिया गया। इस दौरान आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ यू के साहू, आर एच ओ लक्ष्मण पैकरा, महीला बाल विकास विभाग सेक्टर सुपरवाइजर आंगनवाड़ी आशु तिर्की, एनएम ललित , जसिंता, आयुस्मान आपरेटर चुमेस्वर, विनय सोनी मौजुद रहे।

# कुसमी वासियों की मांग पर आस्ता से कुसमी आ रहा है विद्युत लाईन,समाज सेवक एमडी शमीम ने जताई खुशी

– संवाददाता –
कुसमी,01 जून 2024
(घटती-घटना)।




कुसमी, बलरामपुर जिले का कुसमी विकासखंड में अब विद्युत की एक और लाइन जल्द ही पहुंचने की उम्मीद जताया जा रहा है,गौरतलब है की कुसमी सहित कई गावों में बिजली राजपुर होते हुए कुसमी तक बिजली पहुंचती है। लेकिन कुसमी काफी दुरस्थ क्षेत्र होने की वजह यहां बारिश सहित अन्य मौसम में हवा पानी होने के बाद बिजली सेवा ठप्प हो जाती थी। जिससे लोगो को काफी दिग्क्कत होती थी फिर लोगो ने सोशल मीडिया में जशपुर जिले के आस्ता से एक और लाईन की मांग रखी जिसपर विद्युत विभाग ने जनता की मांग मान ली और टेंडर जारी कर काम शुरू कर दिया है । वही कुसमी के रहने वाले समाज सेवक व भारतीय पसमांदा समाज के प्रदेश अध्यक्ष एमडी शमीम ने भी लोगो की जरूरतों को देखते हुए बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन सौप कर बारिश से पहले विद्युत लाईन चालु करने की मांग की है। वही विभाग भी जल्द से जल्द बिजली सेवा देने के लिए कार्य कर रहा है दुसरी लाईन सेवा शुरू होने से विद्युत कर्मचारियों को भी थोड़ी राहत मिलेगी। सिंगल लाईन होने की वजह विद्युत सेवा बाधित होने पर रात दिन में किसी भी समय विद्युत कर्मचारियों को जंगल में भी जाना पड़ता था क्योंकि किसी भी कारण वस बिजली सेवा न मिलने से जनता कर्मचारियों पर गुस्सा करती थी। वही समाज सेवक एमडी शमीम ने भी आस्ता से जल्द बिजली सेवा मिलने से काफी खुशी जताई है। एमडी शमीम ने इस कार्य के लिए अपनी ओर से भी काफी प्रयास किया है। उन्होंने इस कार्य के लिए शासन प्रशासन का आभार जताया है।





# किस्मत नर्सिंग कॉलेज में मना विश्व तंबाकू निषेध दिवस

– संवाददाता –
रामानुजगंज,01 जून 2024
(घटती-घटना)।

किस्मत बहुउद्देशीय समिति द्वारा संचालित किस्मत नर्सिंग कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजगंज कार्यशाला का आयोजन संस्था की शिक्षिका अंजुलता मैम के द्वारा किया गया। लोगों को तंबाकू से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की शुरुआत डब्लूएचओ के द्वारा वर्ष 1987 में हुई थी। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। एक निष्पक्ष और स्वस्थ्य दुनिया का निर्माण इस दिन का उद्देश्य लोगों को तंबाकू से होने वाली नुकसान के प्रति जागरूक करना है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज में किस्मत नर्सिंग कॉलेज के बच्चो के द्वारा तंबाकू से होने वाली हानियों से जागरूकता का संदेश भी दिया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज में किस्मत नर्सिंग कॉलेज के बच्चों के द्वारा लोगो को जागरूक करने का भी प्रयास किया गया द्य स्वास्थ्य जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं भाषण के माध्यम से भी लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया । कार्यक्रम का संचालन अंजूलता मैम, रवीना मिंज, संतोषी सोनवानी के उपस्थिति में किया गया।

# योग साधकों के द्वारा चलाया गया साफ सफाई अभियान

– संवाददाता –
रामानुजगंज,01 जून 2024 (घटती-घटना)।

रामानुजगंज नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित प्राचीन राम मंदिर में योग साधक अरविंद दुबे एवं राम अवतार कश्यप के नेतृत्व में योग साधकों के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया।जहा 1 घंटे श्रमदान कर पूरे मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई।



इस अवसर पर योग साधक राजू गुप्ता एवं संतोष गुप्ता ने कहा कि हम सबको योग प्राणायाम,प्रतिदिन नियमित रूप से करना चाहिए साथ ही साथ साफ सफाई का भी विशेष ध्यान देना चाहिए घर को तो साफ सुथरा रखना ही चाहिए साथ ही साथ अपने आसपास भी साफ सुधरा रहे हम सब की जिम्मेवारी है। योग साधक आलोक गुप्ता,गोलू एवं अमित गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक शनिवार योग साधकों के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई किया जाता है उसी कड़ी में बीते दो सप्ताह से राम मंदिर में साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। योग साधक बृजेश केशरी, अनिल गुप्ता, योग गुरु राजेश गुप्ता बब्लू,आनंद गुप्ता ने कहा कि नगर स्वच्छ एवं सुंदर बने इसके लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# ब्लॉक कार्यकारिणी प्रतापपुर सहित अन्य कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



– संवाददाता –
प्रतापपुर,01 जून 2024
(घटती-घटना)।

सूर्यवंसी महासभा छ. ग.के प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल बौद्ध,उपाध्यक्ष जगलाल सोनवनी,प्रदेश प्रवक्ता रविदाश सूर्यवंसी व प्रदेश सचिव संतोष दोहरे,संभागीय अध्यक्ष आदेश कुमार रवि,जिला मीडिया प्रभारी रामु सोनवनी के नेतृत्व में दिनांक 30/5/2024 को सूरजपुर जिला के ब्लॉक प्रतापपुर के कार्यकारणी का विस्तार किया है,मंचीय संचालन सूरजपुर के जिला अध्यक्ष,विजय कुर्रे,के द्वारा किया गया,जिसमे उपस्थित सभी सूर्यवंसी महासभा के प्रदेश, संभाग,जिलों व ब्लॉक से चलकर आये हुए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का उद्बोधन से स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यकारणी विस्तार की विधिवत कार्यवाही लिखित में चालू कर विस्तारित चर्चा किया ,जिसमे सूर्यवंसी महासभा के उद्देश्य व लक्ष्य,सामाजिक परिवर्तन,आर्थिक मुक्ति व आत्मसम्मान का है जिसको ध्यान में रखते हुए और प्रतापपुर ब्लॉक के भौतिक स्थिति सामाजिक स्थिति व परिस्थिति को दृष्टिगत रखकर ग्राम कोटेया के निवासी राजेश कुमार रवि को ब्लॉक प्रतापपुर के ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया एवं वकील प्रसाद चौधरी को जिला उपाध्यक्ष सूरजपुर,धर्मेंद्र बर्मा को जिला महासचिव सूरजपुर व शिला सोनवनी को ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रतापपुर का नियुक्त किया गया। यह बैठक प्रतापपुर ब्लॉक के अग्रशेन भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा घोषणा सह प्रमाण पत्र दिया गया। प्रतापपुर के कार्यकारणी विस्तार होने से लोगों में हर्ष का माहौल है।

# खुले आसमान के नीचे बर्बाद हो रहा धान,समिति ने उच्च अधिकारियों को कई बार लिखा पत्र

**सूखती की भरपाई करने जिला खाद्य अधिकारी समितियों पर बना रहे दबाव**

– संवाददाता –
रामानुजगंज,01 जून 2024
(घटती-घटना)।

रामानुजगंज धान खरीदी करने के करीब चार माह पूर्ण होने जा रहे हैं, वही विकासखंड मुख्यालय से दुरुस्त ग्राम कामेश्वरनगर धान खरीदी केंद्र में अभी भी खुले आसमान के नीचे 2270 क्विंटल धान पड़ा हुआ है। समिति के द्वारा कई बार जिला विपणन अधिकारी एवं जिला खाद्य अधिकारी को पत्र लिखा गया परंतु इसके बाद भी धान का उठाव नहीं हो रहा है। जबकि नौतपा अब अपने आखिरी दिनों में चल रहा है। धान खरीदी केंद्र डूमरपान में भी धान उठाव पूरा नहीं हो पाया है।

गौरतलब है धान की खरीदी 31 जनवरी तक शासन के द्वारा निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर 4 फरवरी तक किया गया था। वही जिला विपणन अधिकारी से सभी सहकारी समितियां के द्वारा धान उठाव







के लिए एग्रीमेंट किया जाता है। जिसमें बफर लिमिट के बाद 72 घंटे में धान का उठाव किए जाने के बात का जिक्र होता है। परंतु बलरामपुर रामानुजगंज में 49 धान उपार्जन केंद्रों में से किसी भी धान उपार्जन केंद्र में समय पर धान का उठाव नहीं हुआ, जिस कारण समितियो को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सभी समितियां में सूखती गई है। बलरामपुर रामानुजगंज जिले के दूरस्थ ग्राम कामेश्वरनगर समिति में 2270 क्विंटल धान अभी भी खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। धान खरीदी हुए करीब 4 महीना बीतने वाला हैं। लंबे समय तक खुले आसमान के नीचे धान रहने के कारण प्रत्येक बोर में एक से तीन किलो की सूखती गई है जिसकी अब भरपाई करने के लिए जिला खाद्य अधिकारी के द्वारा दबाव बनाया जा रहा है।

## धान उठाव के लिए कई बार किया पत्राचार

सहकारी समितियां के धान खरीदी प्रभारी ने बताया कि धान उठाव के लिए कई बार जिला विपणन अधिकारी एवं जिला खाद्य अधिकारी को पत्राचार किया गया। परंतु उसके बाद भी समय पर धान का उठाव नहीं हो पाया, जिस कारण हम लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। समिति प्रबंधको ने कहा कि अभी तक धान का उठाव नहीं किया गया है वहीं जिला खाद्य अधिकारी के द्वारा जीरो करने के लिये अनावश्यक दबाव डाला जा रहा है।

## नहीं उठता जिला खाद्य अधिकारी से फोन

जिला खाद्य अधिकारी बलरामपुर श्री कामते से मोबाइल नम्बर +91 98261 81272 पर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। बता दें खाद्य अधिकारी श्री कामते बलरामपुर-रामानुजगंज में वर्षों से पदस्थ हैं। इसलिए उनकी मनमानी किसी से छुपी नहीं है। समय-समय पर अपनी कार्यशैली से ये अक्सर विवादों से घिरे भी रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष पर गिरेगी गाज, हटाए जाएंगेः सूत्र

## पटना में सीएम की सभा हुई थी फेल...जिस पर पार्टी नेतृत्व है नाराजःसूत्र


वर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जयसवाल जिनका हटना तय


जवाहर गुप्ता दावेदार के रेस में


रविशंकर शर्मा दावेदार के रेस में


शैलेष शिवहरे दावेदार के रेस में


लक्ष्मण राजवाड़े दावेदार के रेस में


विनोद साहू दावेदार के रेस में

- रवि सिंह -
कोरिया,01 जून 2024
(घटती-घटना)।

लोकसभा का चुनाव अब अंतिम दौर में है,अंतिम दौर का मतदान भी संपन्न हो गया है,कोरबा लोकसभा में मतदान पिछले 7 मई को संपन्न हुआ है,लंबा इंतजार करते करते अब परिणाम का समय भी नजदीक आ गया है,इसी बीच प्रदेश में सत्तारूढ भाजपा कोरिया के अंदर अब आपसी तकरार सुनने को मिल रहा है,लोकसभा चुनाव हेतु मतदान के ठीक पहले कोरिया भाजपा के स्वयंभू यशस्वी जिलाध्यक्ष के रवैये के कारण पटना में आयोजित मुख्यमंत्री की सभा भी फेल हो गई थी,इसे लेकर लोकसभा उम्मीदवार ने जिलाध्यक्ष के प्रति कड़ी नाराजगी भी जाहिर की थी तो वहीं इस मामले को पार्टी संगठन ने भी काफी गंभीरता से लिया है। जैसी जनचर्चा है कि लोकसभा परिणाम के बाद कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष पर गाज गिरेगी उन्हे पद से हटा दिया जाएगा इसके लिए जिले के नेता भी लामबंद हो गए हैं जैसा कि सूत्रों का कहना है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि पटना में सीएम की सभा फेल हुई थी जिसके बाद स्थानीय विधायक और जिलाध्यक्ष के द्वारा भी एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए खुद को निर्दोष बतलाया जा रहा था। इसीके साथ नए दावेदार भी सामने आने लगे है,हलांकि निर्णय प्रदेश संगठन को लेना है।

### स्वयंभू यशस्वी जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में दिखी नाराजगी

कोरिया भाजपा के जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल,इनके व्यवहार एवं सभी को नीचा दिखलाने,कार्यकर्ताओं को डांटने,फटकारने और उल्टा सीधा बोलने जैसी हरकतों के कारण जबरस्त नाराजगी देखने को मिलती है। किसी से सीधा मुंह बात ना करने वाले जिलाध्यक्ष द्वारा खुद को यशस्वी बतलाया जाता है,उनका चरण वंदन करने वाले उन्हे यशस्वी बतलाते फिरते हैं यहां तक कि कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में भी उन्हे यशस्वी जिलाध्यक्ष बतलाया जाता है,यह समझ से परे है। चाहे विधानसभा का चुनाव हो या फिर लोकसभा का चुनाव हर बार जिलाध्यक्ष द्वारा किसी भी विज्ञप्ति में हर कार्यक्रम के लिए खुद का नेतृत्व बतलाया जा रहा था जबकि सच्चाई यह है कि उनके नेतृत्व में कोरिया भाजपा में जबरजस्त आक्रोश व्याप्त है। और पार्टी छिन्न भिन्न हो गई है।





कोरिया भाजपा कार्यालय

### पटना में फेल हुई सीएम की सभा,संगठन ने लिया संज्ञान

लोकसभा चुनाव के दौरान कोरिया जिले के पटना में आयाजित सभा पूरी तरह से फेल थी,संगठन की कमी साफ देखी गई थी,सभा के पहले कोई प्लानिंग नही की गई थी,बड़े नेता अस्त व्यस्थ थे। एक प्रचार वाहन एक दिन घुमाकर भीड़ जुट जाएगी ऐसा सोच लिया गया था। जिम्मेदार नेताओं ने यह सोच लिया था कि शनिवार का दिन है और पटना में साप्ताहिक बाजार है इसलिए भीड़ आ जाएगी जबकि ऐसा हुआ नही। 500-600 की भीड़ में सीएम की सभा हुई जो कि चुनाव के दौरान चर्चा का विषय रहा। कम भीड़ जुटने को लेकर विधायक भैयालाल राजवाड़े ने भी मंच से ही नाराजगी जाहिर कर दी थी,इस बात को भी संगठन ने काफी गंभीरता से लिया है। वहीं भीड़ ना जुटने को लेकर विधायक

» जिलाध्यक्ष के रवैये पर लोकसभा उम्मीदवार ने भी जताई थी नाराजगी,हवा हवाई निकला संगठन।

» जवाहर गुप्ता,रविशंकर शर्मा, शैलेष शिवहरे, विनोद साहू और लक्ष्मण राजवाड़े होगे दावेदार।

» विधायक भैयालाल राजवाड़े और भाजपा जिलाध्यक्ष में भी बढी दूरी।

और जिलाध्यक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए भी देखे गए थे। पटना की सभा फेल होने को भी प्रदेश संगठन ने नाराजगी जाहिर की थी।

### लोकसभा उम्मीदवार ने भी जताई है नाराजगी

कोरिया में संगठन का हाल बेहाल है,मै,मै और मैं करने वाले जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में पार्टी धरातल पर टूटी हुई दिखलाई दे रही है। पूरे चुनाव के दौरान संगठन निष्क्रिय नजर आया। संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी सिर्फ औपचारिकता निभाते नजर आ रहे थे,जिलाध्यक्ष ने जिला मुख्यालय छोड़ बाकि क्षेत्रों मे जाना भी जरूरी नही समझा। कई बड़े नेता कुछ दिन पूर्व तक चुनाव से पूरी तरह दूर थे संगठन द्वारा उन्हे उपेक्षित किया जा रहा था। संगठन की कमी चुनाव में देखने को मिली जिसे लेकर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय ने भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

### विधायक और जिलाध्यक्ष में बढी दूरियां

लोकसभा चुनाव के दौरान कई जगह गड़बडी देखने को मिली,संगठन के जिला से लेकर मंडल तक के पदाधिकारी सिर्फ कोरम पूरा करते देखे जा रहे थे,कुछ कुछ मामलो को लेकर जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल और विधायक भैयालाल राजवाड़े के बीच आपस में विवाद की खबरे भी सुनने को मिली। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि पटना की सभा हो या अन्य बात इसे लेकर जिलाध्यक्ष और विधायक आपस में एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं जबकि किसी भी स्थिति के लिए दोनो ही जिम्मेदार हैं। बतलाया जा रहा है कि फिलहाल विधायक और जिलाध्यक्ष में दूरी बढ गई है जो कि कार्यकर्ताओं की जुबान पर भी है।

### हवा हवाई दिखा भाजपा संगठन

कोरिया जिले में भाजपा का संगठन इतना बेकार कभी नही था पहले संगठन में एकता देखने को मिलती थी,जिलाध्यक्ष एवं अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी सभी को साथ लेकर चला करते थे लेकिन अपने कार्यकाल में वर्तमान जिलाध्यक्ष ने जिस प्रकार का परिवार वाद किया और वरिष्ठ नेताओं को नीचा दिखलाने का भरपूर प्रयास किया वह किसी से छिपा नही है। विधानसभा चुनाव तक सब कुछ शांत था क्योंकि प्रदेश संगठन के बहाने जिलाध्यक्ष द्वारा अन्य नेताओं को दबाने का प्रयास किया जाता था। लेकिन लोकसभा चुनाव में कोरिया भाजपा संगठन का असली चेहरा उजागर हो गया। जिला से लेकर मंडलों तक बनाया गया संगठन का स्वरूप फर्जी साबित हुआ। संगठन सिर्फ कागजी है और जिन्हे पदों में नियुक्त किया गया है उन्हे खुद नही मालूम हम पदाधिकारी हैं। जिलाध्यक्ष द्वारा गिनती के पांच लोगों को लेकर कोई भी काम किया जा रहा था,महिला मोर्चा,युवा मोर्चा के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष के डांट डपट से परेशान थे।

### नए दावेदार हुए सक्रिय, अलग थलग पड़े जिलाध्यक्ष

लोकसभा चुनाव के दौरान जिलाध्यक्ष के हवा हवा दावों की पोल खुल गई,जिसका उन्हे उम्मीद नही था। अभी तक उनके द्वारा हर जगह खुद पीठ थपथपाई जाती थी,खुद श्रेय लेकर बाकी पदाधिकारियों को नीचा दिखलाया जाता था। लेकिन इस बार उनकी खूब किरकिरी हुई है,प्रदेश संगठन तक तमाम शिकायते भेजी गई है और प्रदेश संगठन भी जिलाध्यक्ष के रवैये पर खासा नाराज है जैसा बतलाया जाता है। अब संभावना है कि उन्हे हटाया ही जाएगा अन्यथा पार्टी बुरी तरह से टूट जाएगगी क्योंकि जिलाध्यक्ष पर से अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का विश्वास खत्म हो गया है। जिलाध्यक्ष हो हटाये जाने की संभावना के बीच नए दावेदार भी सक्रिय हो गए हैं। वरिष्ठ नेता रविशंकर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, लक्ष्मण राजवाड़े, महामंत्री विनोद साहू अब जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल हो चुके हैं।

### क्या सच साबित होगा जिलाध्यक्ष का दावा?

कोरिया भाजपा के स्वयंभू यशस्वी जिलाध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के पूर्व कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में हवा हवाई बात करते हुए जिले से 51000 की लीड का दावा किया है,इतने वोटों से लीड के लिए हलांकि उन्होने तनिक भी प्रयास नही किया। जिलाध्यक्ष द्वारा किए गए दावे में कितनी सच्चाई है या सिर्फ प्रत्याशी को अंधेरे में रखने के लिए उनके द्वारा ऐसा दावा किया गया था यह आगामी 4 जून को देखने को मिलेगा।

### लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद मिलेगा नया नेतृत्व

पार्टी के विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि अब लोकसभा चुनाव का परिणाम आना शेष है इसके बाद शिकायतों के कारण प्रदेश के कुछ जिलाध्यक्ष बदले जाएंगे इनमें कोरिया के जिलाध्यक्ष को भी बदला जाएगा। आने वाले समय में नए नेतृत्व की खबर से कार्यकर्ताओं में अभी से उत्साह देखा जा रहा है।

# गोंडवाना पार्टी ने भू-माफियाओं के खिलाफ किया मोर्चा बंदी

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,01 जून 2024
(घटती-घटना)।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने मनेन्द्रगढ़ के पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी को एक शिकायत पत्र सौंपा है। इसमें ग्राम साल्ही की भूमि को भू माफियाओं दीपक केशरवानी और सोनू द्वारा जबरन कब्जा करने के प्रयास की निंदा की गई है और त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है।




शिकायत के अनुसार इन माफियाओं के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं और उन्हें जेल भी भेजा जा चुका है। ये लोग बाहरी व्यक्तियों को लाकर गांव के निवासियों को धमका रहे हैं। शिकायत में उच्च न्यायालय बिलासपुर का आदेश और ग्राम पंचायत साल्ही का प्रस्ताव संलग्न किया गया है। केवल सिंह मरकाम ने प्रशासन से सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है ताकि गांव के लोग सुरक्षित रह सकें। उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द कार्रवाई करेगा।

## उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश के बाद जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने दो गैर औद्योगिक इकाइयों के लाइसेंस को किया निरस्त

- संवाददाता -
कोरबा, 01 जून 2024
(घटती-घटना)।



प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश के बाद जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने तिफरा के दो गैर औद्योगिक इकाइयों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। वही 20 बंद या गैर औद्योगिक गतिविधियों में संलग्न इकाइयों को नोटिस जारी किया है।गौरतलब है कि तिफरा, सिरगिट्टी और सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र से लगातार उद्योगपतियों द्वारा शासन से लीज पर जमीन लेकर गैर औद्योगिक कार्य किए जाने की शिकायत मिल रही थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग विभाग को सर्वे कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला व्यापार और उद्योग केन्द्र बिलासपुर के प्रबंधक एम एल कुशरे ने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम सेसिरगिट्टी और सिलपहरी के औद्योगिक क्षेत्र का सर्वे कराया। सर्वे के मुताबिक तिफरा में 135 सिरगिट्टी के चार सेक्टर में 433 समेत कुल 568 उद्योगपतियों को उद्योग संचालित करने जमीन दी गई है। मंत्री के निर्देश पर जब विभाग ने सर्वे कराया तो कई इकाईयां या तो बंद मिली या फिर गैर औद्योगिक कार्य होना पाया गया। जिला उद्योग विभाग ने तिफरा के पूजा इंडस्ट्रीज समेत दो उद्योगों की लाइसेंस को निरस्त किया है। वही 20 इकाईयों को चेतावनी दी गई है कि वे औद्योगिक इकाईयां शुरू करें अन्यथा उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

# क्या सीएमएचओ साहब बाबुओं को खड़ा कर फोटो खिंचवा पूरा कर लिया जाता है हर राष्ट्रीय कार्यक्रम का कोरम?





» राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम सिर्फ सीएमएचओ कार्यालय तक रहा सीमित

-रवि सिंह-
कोरिया,01 जून 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में लोगो के स्वास्थ्य को लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रम सिर्फ सीएमएचओ कार्यालय तक सीमित है,बाबुओं को खड़ा कर फोटो खिंचवा कर मिलने वाली राशि खर्च कर दी जाती है,आमजन तक सिर्फ एक दिन सिर्फ शहरी क्षेत्र में जागरूकता वाहन घुमा कर औपचारिकता पूरी कर ली गई। कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग का स्वास्थ्य पूरी तरह से खराब हो चुका है आज राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण दिवस पर इसके लिए बाकायदा लाखो रुपए की राशि का बजट भेजा गया है आज हुआ क्या? सीएमएचओ कार्यालय के बाबुओं को खड़ा कर फोटो खिंचवा कर अखबार की कतरन राज्य के नोडल अधिकारी को भेज कर कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी कर ली जाएगी। आज तंबाखू के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा भारी भरकम बजट का प्रावधान किया गया है,परंतु इसके लिए सिर्फ एक दिन जागरूकता वाहन देखने को मिला वो भी सिर्फ बैकुण्ठपुर शहर में,ग्रामीण क्षेत्रो में इस दिवस के बारे में किसी को कुछ खबर ही नही है और न ही विभाग का जागरूकता वाहन उस ओर गया, मितानिनों को भी इस कार्यक्रम को लेकर कोई जानकारी नही है।




### क्षेत्र में गुटखा पाउच,गुड़ाखु,तंबाखू और सिगरेट का बढ़ता जोर

बैकुण्ठपुर में आज से 20 साल पहले 30 से ज्यादा पान की दुकान थी जो घटकर 4 से 5 रह गई, वही 30 साल पहले मेडिकल की दुकान 4 हुआ करती थी जो अब बढ़कर 35 हो गई है,पान की जगह गुटखे ने ले ली और गुड़ाखु,सिगरेट की बिक्री में कमी नही आई है, कैंसर के मरीजों की संख्या भी दिन ब दिन बढ़ती ही गई,परंतु जिस विभाग को इसके नियंत्रण का जिम्मा दिया गया है वो सिर्फ कार्यालय तक सीमित है ऐसा सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम में सीएमएचओ कार्यालय के द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए दर्जनों गतिविधियों करने के निर्देश होते है पर सिर्फ एक दिन अपने कार्यालय के बाबुओं को खड़े कर दिया जाता है जबकि तमाम गतिविधियां चुपचाप कागजो में पूरी हो जाती है,सबसे ज्यादा राशि प्रशिक्षण में आती है, इसके अलावा कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही कहीं नजर नही आती है,नशामुक्ति केंद्र में कम से कम 150 ओपीडी दिखाना अनिवार्य है पर आप खुद अपनी खुली आँखों से देख सकते है अमल होता कितना है।

### बीते 2 साल में बजट भी आया पर कागजो ने सब पूरा हो गया...

संचालनालय,स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम के लिए बजट के साथ उसके खर्च करने के दिशा निर्देश जारी किए थे, इसके तहत वर्ष में 2 बार कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों के उल्लंघन पर कार्यवाही करने के लिए प्रशिक्षण के साथ जिला स्तरीय समन्वय समिति की वर्ष में 4 बैठक करने के लिए बजट भेजा था, जिला एवं विकासखंड स्तर पर तंबाखू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामो के प्रति जागरूकता लाने और कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों की जानकारी और पालन के संबंध में प्रचार प्रसार,प्रिंटिंग के लिए राशि भेजी गई,कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों को सुनिश्चित करने और उल्लंघन करने वालो पर कार्यवाही के लिए प्रवर्तन दल की बैठक और चालानी कार्यवाही वर्ष में 4 बार के लिए राशि जारी की गई,जिला तंबाखू नियंत्रण इकाई का गठन करने के निर्देश दिए गए थे। कैपेसिटी बिल्डिंग में बीते 2 वर्ष में 6 लाख रुपए दिए गए, जिसमे जिला एवं विकासखंड स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों को तंबाखू मुक्त करने कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार सक्षम अधिकारियों का प्रशिक्षण, शैक्षणिक संस्थानों में तम्बाखू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम पर जागरूकता लाने व कोटपा अधिनियम के साथ महाविद्यालयो में भी इसका प्रचार-प्रसार करना है। इसमे आईटीसी राशि का उपयोग भी करना है जिसमे येलो लाइन कैम्पेन चलाना भी शामिल था, तम्बाखू नशामुक्ति केंद्र की स्थापना कर गरीबो को एनआरटी/नॉन एनआरटी दवाइयों के लिए बजट रखा गया बताया गया,डेढ़ लाख रुपए इसमे दिए भी गए, इसके अलावा तम्बाखू सेवन करने वाले व्यक्तियों की काउंसलिंग,जांच और उपचार, दंत चिकित्सक,काउंसलर सभी को प्रशिक्षित करनेज़ इसके साथ सामुदायिक स्तर की गतिविधियाँ,एफजीडी तम्बाखू नशामुक्ति से संबंधित वर्ष में 10 बार किया जाना है। विश्व तंबाखू निषेध दिवस मनाए जाने के लिए 1 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा आईटीसी के तहत और राशि प्रदान की जा चुकी है।

# सूदखोर राजा खान के चंगुल में कई एसईसीएल कर्मचारी

## सूदखोरी के कई मामले राजा खान पर पहले से हैं दर्ज

» पुलिस में आखिर कौन कर्मचारी है जो राजा खान को उसकी गिरफ्तारी की दे देता है जानकारी...जिससे वह हो जाता है एफआईआर से पहले फरार?

» लाखों रुपए पाने वाले एसईसीएल कर्मचारी राजा खान की वजह से दाने-दाने को है मोहताज...

» आधा दर्जन से ज्यादा मामले राजा खान पर सूदखोरी के दर्ज...

» राजा खान की तलाश में कोरिया पुलिस...चरचा,बैकुंठपुर,पांडवपारा के एसईसीएल कर्मचारियों की तनख्वाह पहुंचती है... राजा खान के पास...

-रवि सिंह-
कोरिया,01 जून 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में सूदखोरी के कारोबार के बेताज बादशाह बने हुए हैं राजा खान जिनके चंगुल में है कई एसईसीएल कर्मचारी,लाखों रुपए कमाने वाले एसईसीएल के कर्मचारी इनके चंगुल में इस कदर फंस चुके हैं की प्रति महीने इन्हें ब्याज का पैसा लौटते हैं और मूलधन बचा रह जाता है,लाखों रुपए कमाने वाले कर्मचारी उनके सामने गिड़गिड़ाते देखे जा सकते हैं, तनख्वाह भले ही एसईसीएल के कर्मचारियों के खाते में आता है पर उनका बैंक पासबुक चेक बुक एटीएम राजा खान के घर में रहता है,जैसे ही पैसा आता है राजा खान कर्मचारियों का खाता खाली कर देते हैं और फिर कर्मचारी रोजमर्रा के खर्चों के लिए राजा खान के पास गिड़गिड़ाते देखे जाते हैं,सूदखोरी के कई मामलों को लेकर राजा खान के खिलाफ कई अपराध दर्ज है अभी फिलहाल में एक और अपराध दर्ज हुआ है पुलिस अधीक्षक इस मामले को लेकर काफी गंभीर है और राजा खान की गिरफ्तारी चाहते थे पर न जाने पुलिस विभाग का कौन सा कर्मचारी पहले ही इसकी जानकारी राजा खान को दे दिया जो पुलिस के गिरफ्तार करने से पहले ही वह फरार हो चुका है। वैसे राजा खान का पुलिस विभाग में कोई खास गुप्तचर काम कर रहा है ऐसा माना जा रहा है जो राजा खान के लिए काम कर रहा है सूचना देने का।

### पुलिस विभाग के कर्मचारी भी राजा खान के साथ है मिले हुए

सूत्र बताते है की राजा खान का सूदखोरी का व्यवसाय काफी बड़े स्तर पर संचालित है और उसके चंगुल में सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। राजा खान अपने सूदखोरी के व्यवसाय संचालन के लिए पुलिस विभाग में भी अपना संपर्क बना कर रखे हैं और पुलिस विभाग के कर्मचारी भी उनके सहियोगी हैं उनके व्यवसाय में। बता दें की जब जब राजा खान पर पुलिसिया कार्यवाही की बात सामने आती है कोई शिकायत सामने आती है उसकी भनक शिकायत से पहले ही राजा खान को लग जाती है और वह फरार हो जाता है या फिर वह अपने बचाव के प्रयास में लग जाता है। कुल मिलाकर राजा खान का पुलिस विभाग में कोई सहयोगी जरूर है जो उसकी मदद उसे जानकारी प्रदान कर करता है।




### एक चर्चित प्रधान आरक्षक का भी है राजा खान के साथ संपर्क

सूत्रों का यह भी कहना है की कोरिया जिले के एक चर्चित प्रधान आरक्षक का भी राजा खान के साथ संपर्क है ऐसा बताया जाता है। बताया जा रहा है की कोरिया जिले का उक्त चर्चित प्रधान आरक्षक जिले के अवैध कारोबारियों का सबसे बड़ा मददगार है। उक्त प्रधान आरक्षक का कार्य ही है की वह अवैध कारोबारियों की मदद करता है और उसके एवज में वह अपना भी हिस्सा प्राप्त करता है। उक्त प्रधान आरक्षक को लेकर कई शिकायतें भी हैं पुलिस के पास लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती मामले में क्योंकि उससे विभाग की ही छवि धूमिल होगी वहीं उक्त प्रधान आरक्षक की सबसे बड़ी विशेषता है की वह उच्च अधिकारियों को वश में करना जानता है और सभी की कमजोरी वह अपने हिसाब से उपयोग करता है उन पर दबाव बनाने में यह वह खुद कहते सुना जाता है। अभी माइक दो के करीबी बने हुए है।

### एक बार राजा खान की गिरफ्तारी तो हुई थी पर पुलिस विज्ञप्ति के दौरान उसकी फोटो नहीं खींची गई थी...

सूदखोरी का धंधा कानून के लिए अवैध कारोबार की ही श्रेणी का व्यवसाय है और इसमें संलिप्त व्यक्ति पर कार्यवाही पुलिस की प्राथमिकता होती है और प्रायः कार्यवाही होती भी है। सूदखोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को कोई सहूलियत या कोई रियायत भी नहीं प्रदान किया जाता है पुलिस द्वारा यह भी देखा गया है लेकिन राजा खान के मामले मे देखने को मिला है की उसके साथ अन्य सूदखोरों की अपेक्षा अलग व्यवहार जिले की पुलिस करती है जिसका उदाहरण तब देखने को मिला था जब एक मामले में गिरफ्तार किए जाने पर जब प्रेस के समक्ष सूदखोरों को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही थी तब कई सूदखोरों को भी प्रेस के सामने तस्वीर खींचने के लिए लाया गया था लेकिन उसी मामले में उसी दिन गिरफ्त में आए राजा खान को प्रेस के समाने तस्वीर के लिए प्रस्तुत नही किया गया था। राजा खान को लेकर रियायत का प्रावधान जिले के पुलिस विभाग में क्यों जारी है इसको लेकर कई सवाल खड़े होते रहे हैं।

### राजा खान पर कड़ी कार्रवाई की उठ रही मांग

राजा खान का सूदखोरी का व्यवसाय काफी बड़े स्तर पर संचालित है।बताया जाता है की कई लोगों के महीने भर की कमाई का कितना उसके परिवार के जीवन यापन के लिए प्रदान किया जाना है यह राजा खान की तय करता है। एसईसीएल के कई कर्मचारियों के महीने भर की कमाई हर माह राजा खान के पास जमा होने के बाद भी उसका मूलधन आज भी खड़ा है कर्जदार के विरुद्ध जबकि बताया जा रहा है की कइयों के द्वारा मूलधन से तीन गुना चार गुना भुगतान कर दिया गया है। राजा खान का ब्याज खत्म होता ही नहीं यह भी बताया जा रहा है और कई लोग उससे अब प्रताड़ित हैं। राजा खान पर कड़ी कार्यवाही हो और राजा खान के चंगुल से लोग बच सकें यह मांग अब जोर पकड़ने लगी है। अब देखना है की पुलिस क्या कार्यवाही करती है और किस तरह से राजा खान के चंगुल से लोगों को बचाती है।

# कलेक्टर अजीत वसंत एवं एसपी ने मतगणना केंद्र का जायजा लेकर,सुरक्षा एवं व्यवस्था संबंधित दिया आवश्यक निर्देश



- संवाददाता -
कोरबा,01 जून 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र कोरबा के मतों की गणना करने आईटी कालेज में स्थापित सीलबंद स्ट्रांग रूम 04 जून को मतगणना के दिन सुबह आब्जर्वर, रिटर्निंग आफिसर और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जाएंगे। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेंगी और आठ बजे से मतों की गणना शुरू होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने आज यहां जिला मुख्यालय स्थित मतगणना केंद्र आईटी कालेज झगरहा पहुंचकर 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना हेतु की गई व्यवस्था का अवलोकन किया और मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों, मतगणना अभिकर्ता के प्रवेश तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था, सेवा निर्वाचक डाक मतपत्र की गणना, टेबूलेशन आदि कार्य के संबंध में निर्देश देते हुए मतगणना कक्ष तक पहुंचने बनाये गये बेरिकेडिंग, मतगणना कक्ष, प्रेक्षक बैठक व्यवस्था, अस्थाई एनआईसी कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने परिचय-पत्र के आधार पर ही संबंधित को निर्धारित स्थान में प्रवेश के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मीडया सेंटर स्थापित करने तथा टीवी, कंप्यूटर लगाने, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं टेलीफोन व्यवस्था के निर्देश दिए। मतगणना दिवस के पूर्व साफ सफाई, अग्निशमन, पानी टैंक की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर और एसपी ने पार्किंग व्यवस्था तथा 100 मीटर दूर प्रवेश द्वार का अवलोकन किया। इस दौरान डीएफओ कोरबा अरविंद पीएम,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, एडीशनल एस पी श्रीमती नेहा वर्मा, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, एसडीएम श्रीकांत वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# न्यायालय पेशी में आए तीन आरोपी के आंखों में मिर्ची पाउडर डाल मारपीट करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा,01 जून 2024 (घटती-घटना)।

कटघोरा थाना क्षेत्र में दिनाक 28/05/2024 को कटघोरा व्यवहार न्यायालय में पेशी में आये तीन युवक जोकि खाना खाने कटघोरा से अम्बिकापुर मार्ग पर गए हुए थे। खाना खाकर जब वे अपनी मोटर सायकल से वापस न्यायालय की ओर जा रहे थे उसी दौरान कटघोरा के शर्मा इंजीनियरिंग वर्क शॉप के पास कुछ युवक अपनी कार से पीछा कर रहे थे, उसी दौरान अपनी कार से रॉन्ग साइड में जाकर मोटर सायकल को जोरदार टक्कर मारी,इस टक्कर से मोटर सायकल में सवार तीनों युवक गिर गए और कार में सवार पांच आरोपी अपनी कार से बाहर आये सभी आरोपी चेहरे को कपड़े से बांधे हुए थे तीनों युवकों पर मिर्च पाऊडर डालकर हॉकी, डंडे तथा लोहे के रॉड से तीनों युवको की जमकर पिटाई करने लगे। बीच बचाव करने जब मोहल्ले के लोग दौड़कर आये तो भागते समय मोहल्ले के पवन शर्मा के ऊपर गाड़ी चढा दिए तथा उनको रौंदते हुए पांचो आरोपी मौके से फरार हो गए जिससे तीनों युवकों सहित पवन शर्मा को गंभीर स्थिति में कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। कटघोरा पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए जिसमे साफ तौर पर पाया गया कि कार में आये कुछ आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने इसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी। घटना की सूचना मिलते ही कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा,एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कटघोरा धर्मनारायण तिवारी ने मामले पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए टीम गठित की व फरार आरोपियों की पतासाजी शुरू की,जिसमे आरोपियों ने मोहनपुर जंगल में अपनी टोयोटा कार जो कि बिना नम्बर के थी उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। जब आरोपी अपनी कार लेने आये तो सायबर सेल व मुखबिर की मदद से पुलिस दो आरोपियों को धर दबोचा। जिसमे आरोपी 1) रमाकांत वर्मा उर्फ दादू वर्मा पिता अनूप वर्मा निवासी चकरभाठा बिलासपुर 2) गोपाल ओझा पिता संतोष ओझा निवासी गुड़ियारी रायपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर जानकारी दिया कि तीन आरोपी और थे जिसमें निखिल राव पिता गुलाब राव निवासी नवापारा रायपुर, चंदन जैन पिता कोमल जैन निवासी नवापारा रायपुर तथा चीना पांडेय निवासी कोरबा अभी फरार है। ज्ञात हो कि फ़रार आरोपी चीना पांडेय के विरुद्ध पूर्व में कई अपराध पंजीबद्ध है और उसे ज़िला कोरबा से ज़िला बदर किया जा चुका है। कोरबा पुलिस अलग से टीम गठित कर फ़रार आरोपीयो को सभी ठिकानों में लगातार तलाश रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अप.क्र.266/2024,धारा - 307, 147, 148, 149, 120 बी भादवि के तहत न्यायिक रिमांड पर भेज गया है। इस मामले में कटघोरा थाना व सायबर टीम कोरबा का अहम योगदान रहा।




# सामान्य सभा की बैठक संपन्न,13 जून को होगा कोरबा प्रेस क्लब का मतदान




### द्विवर्षीय निर्वाचन 2024-26 कार्यक्रम का प्रस्ताव सर्वसम्मति से हुआ पारित,10 जून से शुरू होगी प्रक्रिया...

- संवाददाता -
कोरबा,01 जून 2024 (घटती-घटना)।

कोरबा प्रेस क्लब,कोरबा की द्विवर्षीय कार्यकारिणी-2022-24 की द्वितीय एवं अंतिम सामान्य सभा की बैठक दिनांक 01/06/2024 दिन शनिवार को प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री राकेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संरक्षक श्री कमलेश यादव,सचिव श्री दिनेश राज, कोषाध्यक्ष श्री रंजन प्रसाद, उप सचिव श्री धीरज दुबे व कार्यकारिणी सदस्य क्रमशः श्री मनोज यादव,श्री हरीश तिवारी व श्री रमेश वर्मा की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में सबसे अहम एजेंडा द्विवार्षिक निर्वाचन- 2024-26 कार्यक्रम का प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें 10 जून से 13 जून के बीच चुनाव प्रक्रिया कराते हुए 13 जून को मतदान व मतगणना कराने पर चर्चा हुई। जिसमें प्रेस क्लब के सर्व सम्माननीय सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया। सामान्य सभा की बैठक में कार्यकारिणी ने सर्वप्रथम अपने द्विवर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियां बताई, तत्पश्चात कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित स्व. केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता-2024 का क्लब के सदस्य श्री दीपक गुप्ता द्वारा यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण करने पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा, सदन ने इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यकाल के आय-व्यय का ब्यौरा भी सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मुद्दे भी सदन में लाए गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य स्व. अमित सिन्हा,स्व. विजय सिंह ठाकुर एवं स्व. राकेश चौहान का कार्यकाल के दौरान निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात बैठक के समापन की घोषणा की गई। सामान्य सभा की बैठक के दौरान सभी सम्माननीय वरिष्ठ पत्रकार व कनिष्ठ पत्रकार उपस्थित शामिल हुए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ अंबिकापुर जिला -सरगुजा(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. ........... अ-2/2020-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरलीधर मित्तल आ. मोहनलाल जाति अग्रवाल निवासी ब्राम्हणपारा अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर , जाति ,निवासी ग्राम , तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वमित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-कांतिप्रकाशपुर तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0151/3 रकबा 0.020हे0 में से 0.010हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु के व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा , नक्शा , सेटलमेंन्ट , भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र , रजिस्ट्री की प्रति , आदि संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम सें उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा जारी किया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ अंबिकापुर, जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जुगनुरानी सोनी पिता कामेश्वर प्रसाद , जाति सोनार ,.निवासी नमनाकला तहसील अंबिकापुर, जिला -सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-भगवानपुरखुर्द तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा(छ0ग0)खसरा नं0342/10 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1खसरा नक्शा भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र रि-नम्बरींग सूची रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है।जो इस न्यायालयमें विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाईं तिथि 12/06/2024 को मेरे में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम-ग्रामीण जन ग्राम-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आर्वेदिक श्रीमती अंशु अग्रवाल पति श्री माधवशरण अग्रवाल , जाति अग्रवाल .,निवासी ग्राम सूरजपुर तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-सूरजपुर प0ह0नं0 11, रा0नि0मं0 सूरजपुर, तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 2697/8 रकबा 0.012 हे0 कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन -पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव इस सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11/06/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/05/2024 को न्यायालयीन को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तत्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम-ग्रामीण जन ग्राम-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिक श्रीमती मंजू अग्रवाल पति श्री कैलासचन्द अग्रवाल , जाति अग्रवाल .,निवासी ग्राम सूरजपुर तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-सूरजपुर प0ह0नं0 11, रा0नि0मं0 सूरजपुर, तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 2697/3 रकबा 0.020 हे0 कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन -पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11/06/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/05/2024 को न्यायालयीन को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तत्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

# टी 20 वर्ल्ड कप को लेकर हो गई सबसे बड़ी भविष्यवाणी

### फाइनल में टकराएगी ये दो टीमें...

**नई दिल्ली,01 जून 2024।** टी-20 वर्ल्ड कप के लिए सभी 20 टीमें तैयार है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब इस टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा ले रही है। इन टीमों को चार ग्रूप में बांटा गया है। इन ग्रूप में टॉप टू पर रहने वाली टीमें सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर लेगी। हर ग्रूप से दो टीम सुपर 8 में पहुंचेगी। जहां सेमीफाइनल के लिए टीमों के बीच जंग देखने को मिलेगी।




### भारत को ट्रॉफी का इंतजार

हर साल की तरह इस साल भी भारतीय टीम को क्रिकेट के दिग्गज फेवरेट बता रहे हैं। भारतीय टीम पिछले 17 सालों से टी-20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई है। आखिरी बार साल 2007 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। लेकिन इसके बाद से ही टीम को जीत की तलाश है।

### ऑस्ट्रेलिया फिर करेगी परेशान

टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने अपनी राय दी है। मिस्बाह ने उन दो टीमों का नाम लिया है जो इस साल टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच सकती है। एक कार्यक्रम के दौरान मिस्बाह उल हक ने ऑस्ट्रेलिया को जीत का प्रबल दावेदार बताया।

### ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में पहुंचना आता है...

अपनी बात को आगे जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि टी-20 फॉर्मेट में किसी भी चीज को लेकर सही प्रीडिक्शन करना काफी मुश्किल भरा काम है। लेकिन मैं ऑस्ट्रेलिया का नाम लेना चाहूंगा। ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी टीम है जिसे फाइनल में कैसे पहुंचना है अच्छे से पता है। वह किसी भी परिस्थिति में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सकते हैं। इसलिए मेरी पहली टीम ऑस्ट्रेलिया होगी।

### इन दो टीमों के बीच हो सकता है फाइनल

दूसरे फाइनलिस्ट के बारे में बात करते हुए मिस्बाह ने कहा कि मैं पाकिस्तान से हूं तो यकीनन चाहूंगा कि पाकिस्तान की टीम फाइनल में पहुंचे। लेकिन भारतीय टीम एक मजबूत टीम है। ऐसे में मेरी नजर में भारत, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान में से कोई दो टीमें फाइनल में पहुंच सकती है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### युवा तेज गेंदबाजों को बहुत अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता



**न्यूयॉर्क,01 जून 2024।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी 20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट से कहा,'' आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे के पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं।'' बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा,''ऐसा नहीं है कि वह किस्मत के सहारे यहां तक पहुंच गए हैं।

## व्हीलचेयर खरीदने के लिए पैसा नहीं होने के कारण प्रभावित हो रही है पैरा निशानेबाज मोना की तैयारी



**नई दिल्ली,01 जून 2024।** पैरा निशानेबाजी विश्व कप में लगातार स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद मोना अग्रवाल नई व्हीलचेयर खरीदने के लिए जरूरी धनराशि नहीं जुटा पा रही हैं जिससे उनकी पेरिस पैरालंपिक खेलों की तैयारी प्रभावित हो रही है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी पोलियो से ग्रस्त है और पैरा निशानेबाजी में 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) वर्ग में भाग लेती है। उन्होंने मार्च में नयी दिल्ली में पैरा निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत कर भारत को पैरालंपिक खेलों के लिए नौवां और अंतिम कोटा दिलाया था।

दो बच्चों की मां मोना ने इसके बाद अप्रैल में कोरिया के चांगवोन में पैरा विश्व कप में एक और स्वर्ण पदक जीता था। प्रायोजकों से मिली सारी धनराशि उन्होंने राइफल खरीदने और कोरिया में खेली गई प्रतियोगिता में स्वयं के खर्चे पर जाने पर खर्च कर दी। अब उनके पास व्हीलचेयर खरीदने के लिए कोई धनराशि नहीं बची है। मोना ने जयपुर से पीटीआई से कहा,'' दिल्ली में पैरा विश्व कप में सफलता के बाद मुझे लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) में शामिल किए जाने की उम्मीद थी लेकिन मैं नहीं जानती कि इतनी देरी क्यों हुई।''उन्होंने कहा,''मैंने भारतीय खेल प्राधिकरण को कई मेल लिखे हैं और उन्हें सूचित किया है कि मुझे पैरालिंपिक के लिए कुछ उपकरण अपग्रेड करने हैं, इसलिए मुझे वित्तीय सहायता की जरूरत है।'' इस निशानेबाज ने कहा,''मुझे वर्तमान वर्ष के लिए अपने प्रायोजक से 15 लाख रुपए मिले थे जो मैंने राइफल खरीदने और कोरिया में प्रतियोगिता में भाग लेने पर खर्च कर दिए। कोरिया में खेले गए विश्व कप में मैं अपने खर्चे पर गई थी। मुझे नई व्हीलचेयर खरीदने के लिए लगभग छह लाख रुपए की जरूरत है।

## अल हिलाल के हाथों फाइनल मुकाबला हारने के बाद भावुक हुए रोनाल्डो



**जेद्दा,01 जून 2024।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे। अल नासर को यह हार सऊदी प्रो लीग सत्र के समापन के चार दिन बाद मिली है। अल नासर प्रो लीग में अल हिलाल के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। अल हिलाल ने 14 अंकों के बड़े अंतर से अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ा था। रोनाल्डो के लिए राहत की बात यह रही कि उन्होंने प्रो लीग के इस सत्र में रिकॉर्ड 35 गोल किए।

# कोटा फैक्ट्री सीजन 3 कब होगी रिलीज

### जीतू भैया नेटफ्लिक्स पर वापसी करेंगे

कोटा फैक्ट्री के निर्माताओं ने शुक्रवार को अपने बहुप्रतीक्षित तीसरे सीजन की रिलीज की तारीख की घोषणा करके प्रशंसकों को खुश कर दिया। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कोटा फैक्ट्री सीजन 3 का नया पोस्टर शेयर किया और लिखा, आज से तैयारी शुरू। कोटा फैक्ट्री सीजन 3 नेटफ्लिक्स पर 20 जून को आएगा। राघव सुब्बू द्वारा निर्देशित और टीवीएफ प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, नए सीजन में जीतेंद्र कुमार, आलम खान, रेवती पिल्लई, मयूर मोरे, अहसास चन्ना और उर्वी सिंह प्रमुख भूमिकाओं में हैं।आगामी सीजन के बारे में बात करते हुए, निर्देशक राघव ने कहा, हम 2019 से कोटा फैक्ट्री के साथ इस यात्रा पर हैं, और चाहे आप वैभव की तरह कोचिंग क्लास में गए हों या नहीं, मेरा मानना है कि हर कोई शो में खुद के कुछ हिस्से देख सकता है। यही बात इसे इतना खास बनाती है। सीज़न 3,अपने मूल में,बड़े होने की



दर्दनाक लेकिन ज़रूरी यात्रा के बारे में है,जहाँ हर किरदार, जिसमें सर्वज्ञ जीतू भैया भी शामिल हैं, आत्म-खोज के अपने व्यक्तिगत मार्ग पर चलते हैं। नेटफ्लिक्स के साथ हमारी अद्भुत साझेदारी की बदौलत, हम एक ऐसा तीसरा सीज़न तैयार करने में सक्षम हुए जो उस कहानी के लिए सच्चा लगा जिसे हम हमेशा से बताना चाहते थे।नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज़ हेड तान्या बामी ने कहा, इस पंथ पसंदीदा फ्रैंचाइज़ी को इसके अगले सीज़न के साथ वापस लाने पर हमें बहुत खुशी हो रही है। कोटा फ़ैक्टरी एक शो नहीं है, यह इसके प्रशंसकों के लिए एक भावना है। यह एक ऐसा शो भी है जो पीढ़ियों, माता-पिता और छात्रों को समान रूप से जोड़ता है। और इस साल वैभव, मीना, उदय और गिरोह अपने फाइनल में हैं। अंतिम वर्ष का दबाव, तनाव और ड्रामा एक ऐसी भावना है जिससे हर एक व्यक्ति जुड़ता है और हमें विश्वास है कि जीतू भैया और कोटा फैक्ट्री गैंग के प्रशंसकों के पास इस सीज़न को देखने के बाद बात करने के लिए बहुत कुछ होगा।

अनजान लोगों के लिए, कोटा फैक्ट्री का पहला सीज़न 2019 में यूट्यूब और टीव्हीएफप्ले पर प्रीमियर हुआ था। हालाँकि, लोकप्रिय वेब शो का दूसरा सीज़न 2021 में नेटफ्लिक्स पर आया। इस साल की शुरुआत में, शो के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक फर्स्ट-लुक टीज़र जारी किया, जिसने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया।

## ब्लैक बिकनी पहनकर नेहा शर्मा ने ठंड़े पानी में लगाई डुबकी

### वीडियो शेयर कर करके गर्मी में तापमान और बढ़ाया

नेहा शर्मा निश्चित रूप से तापमान बढ़ाना जानती हैं! अपने बेहतरीन फैशन सेंस के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने हाल ही में अपने नवीनतम सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। ब्लैक स्विमसूट में ठंड में डुबकी लगाते हुए वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, यह अद्भुत लगा...धकेलने के लिए शुक्रिया दोस्तों नेहा अपने वीडियो में बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उन्होंने अपने दोस्तों को चौंका दिया।नेहा 21 नवंबर को 36 साल की हो गईं। उन्होंने दुबई में अपनी बहन, अभिनेत्री आयशा शर्मा के साथ अपना जन्मदिन मनाया। आयशा ने अपनी बहन के लिए एक भावनात्मक नोट लिखा। आयशा ने अपनी पोस्ट की शुरुआत की ÷जन्मदिन की पोस्ट ऐसी पोस्ट होती हैं जिन्हें लोग सोशल मीडिया पर पढ़कर बंधन को समझने की कोशिश करते हैं। पार्टनर, बहन, दोस्त, जो भी हो, के बीच का बंधन। लेकिन इंस्टाग्राम पोस्ट से किसी को यह समझने में मदद नहीं मिल सकती कि असल में हमारे बीच क्या रिश्ता है, कम से कम तब तो नहीं जब बात मेरी बहन और मेरे रिश्ते की हो। फिर भी यह किया जाना चाहिए, इसलिए यह रहा। उन्होंने आगे कहा ÷आप नेहा को तब तक नहीं जान सकते जब तक आप नेहा को वास्तव में नहीं जानते। वह बहुत ही पालन-पोषण करने वाली,सहानुभूति रखने वाली और संवेदनशील है, और वह ऐसी व्यक्ति है जो वास्तव में प्यार करना जानती है, और मेरी राय में, प्यार करने का गुण सबसे बड़ा गुण है जो किसी के पास हो सकता है। नेहा किसी और की तरह प्यार और पालन-पोषण नहीं करती। एक महान, अदम्य भावना और इच्छाशक्ति वाली व्यक्ति। हैप्पी बर्थडे, नेहा।नेहा शर्मा क्रूक, तुम बिन, यमला पगला दीवाना 2, यंगिस्तान, क्या सुपर कूल हैं हम और तान्हाजी जैसी फिल्मों में नज़र आ चुकी हैं। उन्हें आखिरी बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ जोगीरा सारा रा रा में देखा गया था। फिल्म में संजय मिश्रा और महाअक्षय चक्रवर्ती भी मुख्य भूमिकाओं में थे।



## सालों तक डेटिंग करने के बाद मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का रिश्ता आखिर क्यों टूटा ?

### सामने आयी बड़ी वजह

बॉलीवुड कपल मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है। यह कपल पिछले कुछ सालों से सीरियस रिलेशनशिप में था। हालांकि अर्जुन और मलाइका ने ब्रेकअप पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन एक सूत्र ने कहा है कि वे अलग हो गए हैं। सूत्र ने कहा कि उनका रिश्ता अब खत्म हो चुका है। इस कपल ने 2019 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था।एक सूत्र ने पिंकविला को बताया मलाइका और अर्जुन का रिश्ता बहुत खास था और वे दोनों एक-दूसरे के दिलों में खास जगह बनाए रखेंगे। उन्होंने अलग होने का फैसला किया है और इस मामले में वे सम्मानजनक चुप्पी बनाए रखेंगे। वे किसी को भी अपने रिश्ते को खराब करने और उसका विश्लेषण करने की अनुमति नहीं देंगे।अंदरूनी सूत्र ने कहा उनका एक लंबा, प्यार भरा, फलदायी रिश्ता था जो दुर्भाग्य से अब खत्म हो चुका है। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके बीच कोई खटास है। वे एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं और एक-दूसरे के लिए ताकत का स्तंभ रहे हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने अपने रिश्ते को बहुत सम्मान दिया है। अलग होने का फैसला करने के बावजूद वे एक-दूसरे को उतना ही सम्मान देते रहेंगे। वे दोनों सालों से एक गंभीर रिश्ते में थे, और वे उम्मीद करते हैं कि लोग इस भावनात्मक समय में उन्हें जगह देने के लिए पर्याप्त दयालु होंगे।अर्जुन और मलाइका पिछले साल ब्रेकअप की अफवाहों का शिकार हुए थे। मलाइका और अर्जुन तब चर्चा में आए थे जब यह दावा किया गया था कि अर्जुन और मलाइका अलग हो गए हैं और अभिनेता सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से अभिनेत्री बनी कुशा कपिला को डेट कर रहे थे। हालांकि, उस समय, कुशा ने सभी अफवाहों का खंडन किया, जबकि अर्जुन और मलाइका ने पुष्टि की कि वे अभी भी साथ हैं।



मलाइका और अर्जुन की उम्र में 12 साल का अंतर है। उन्हें अक्सर उनकी उम्र के अंतर के लिए ट्रोल किया जाता था। कॉफ़ी विद करण के एक सीज़न में दिखाई देने पर, अर्जुन ने कहा, यह समझना महत्वपूर्ण है कि आप प्रभावित होंगे। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो प्रभावित नहीं हो रहा है, यह इससे निपटने के बारे में है। यह उनकी (ट्रोल्स की) परवरिश और उनकी संस्कृति को भी दर्शाता है। वे लोग जो बेतरतीब टिप्पणियाँ कर रहे हैं, आप भी जानते हैं कि वे आपका ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं।

इसलिए पहले मैं थोड़ा परेशान हो जाता था और हर समय जवाब देना चाहता था। फिर मुझे एहसास हुआ कि मुझे इसे अपने अंदर समाहित होने देना चाहिए, यह समझना चाहिए कि आखिर क्यों ये हताश लोग मेरा ध्यान खींचने की कोशिश कर रहे हैं, और खुद को उनकी प्रतिक्रिया से अलग करने की कोशिश करनी चाहिए। क्या इसका मुझ पर असर पड़ता है? हां, होता है... हो सकता है कि वे (ट्रोल) लाइक पाने के लिए ऐसा कर रहे हों।

## जन्मदिन विशेष

## एक्टिंग नहीं बल्कि इस फील्ड में जाना चाहते थे आर माधवन,फिर ऐसे ली फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री



बॉलीवुड अभिनेता आर माधवन तमिल और हिंदी सिनेमा के अभिनेता हैं। आज ही के दिन यानी की 01 जून को अभिनेता आर माधवन अपना 54वां जन्मदिन मना रहे हैं। अभिनेता ने अपने कॉमिक टाइमिंग, शानदार एक्टिंग और चॉकलेटी लुक से दर्शकों के दिलों में एक अलग जगह बनाई है। एक्टर का पूरा नाम रंगनाथन माधवन है। वह इंडस्ट्री में अपने निकनेम मैडी के नाम से जाने जाते हैं। आर माधवन अपनी हर फिल्म में अपने अभिनय से दर्शकों को हैरान कर देते हैं।

### जन्म और शिक्षा

जमशेदपुर के एक तमिल ब्राह्मण फैमिली में 01 जून 1970 को आर माधवन का जन्म हुआ था। उनके पिता एक मिडिल क्लास टाटा स्टील कर्मचारी थे और मां बैंक मैनेजर थीं। उन्होंने जमशेदपुर के इंग्लिश मीडियम स्कूल से शिक्षा प्राप्त की थी। वह बचपन से ही काफी मेहनती रहे और एनसीसी कैडेट थे। आर माधवन बचपन से सेना में जाने का सपना देखते थे। बता दें कि कॉलेज के दौरान महाराष्ट्र के टॉप 7 एनसीसी कैडेंट के रूप में सिलेक्ट हुए थे। जिसके बाद राज्य सरकार ने उनको इंग्लैंड के टूर पर भेजा। यहां पर माधवन ने ब्रिटिश सेना, रॉयल नेवी और रॉयल एयर फोर्स में ट्रेनिंग की। वह ट्रेनिंग करने के बाद आर्मी ज्वाइन करना चाहते थे। लेकिन 6 महीने उम्र कम होने के कारण उनका सिलेक्शन नहीं हो पाया।

### टीवी शो में आए नजर

सेना में भर्ती न हो पाने के बाद उन्होंने पब्लिक स्पीकिंग और पर्सनालिटी कोर्स के टीचर बन अपने करियर की शुरूआत की। इसी दौरान उनका रुझान अभिनय की तरफ हुआ। लेकिन बड़े पर्दे पर मौका न मिल पाने के कारण उन्होंने कई टीवी शो में काम किया। इसके बाद साल 1996 में माधवन ने एक एड में काम किया और इसी साल उन्हें फिल्म इस रात की सुबह नहीं में एक छोटा सा रोल ऑफर हुआ। लेकिन इस रोल में उनको पहचान नहीं दी।

### साउथ इंडस्ट्री में किया डेब्यू

माधवन को साल 1997 में मणिरत्नम ने एक फिल्म का ऑफर दिया। माधवन को स्क्रीन टेस्ट के लिए बुलाया गया, लेकिन बाद में उनको इस रोल के लिए मना कर दिया गया। बाद में मणिरत्नम की ही फिल्म अलायिपुथे से अभिनेता ने साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू किया। यहां से फिल्म करियर की शुरूआत करने के बाद उन्होंने साउथ की कई शानदार फिल्मों में काम किया।

### बॉलीवुड में किया डेब्यू

**1. रहना है तेरे दिल में**

रहना है तेरे दिल में मैडी की कहानी है जो राजीव का रूप धारण करता है, जिससे उसकी प्रेमिका रीना शादी करने वाली है और उसे लुभाने की कोशिश करता है। हालाँकि, वह उस पल के लिए तैयार नहीं है जब सच्चाई सामने आएगी। हैरिस जयराज द्वारा निर्देशित इस फ्ल्मि में दीया मिर्ज़ा, सैफ़ अली ख़ान, जैकी भगनानी, कबीर सदानंद और माया अलघ हैं।

**2. रंग दे बसंती**

रंग दे बसंती कुछ छात्रों की कहानी है जो अपनी फिल्म में विभिन्न भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को चित्रित करते हैं, वह अनजाने में उनमें देशभक्ति की भावना जगाती है। भावनात्मक और मानसिक प्रक्रिया उन्हें एक उद्देश्य के लिए विद्रोही बना देती है। राकेश ओमप्रकाश मेहरा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आमिर खान, सोहा अली खान, शरमन जोशी, सिद्धार्थ और कुणाल कपूर भी हैं।

**3. तनु वेड्स मनु**

तनु वेड्स मनु एक एनआरआई डॉक्टर मनु की कहानी है, जो दुल्हन की तलाश में भारत आता है और तनु से प्यार करने लगता है। अपने प्रेमी से अलग, तनु, एक मौज-मस्ती करने वाली लड़की है, बल्कि अपने प्रेमी के साथ भागने में उसकी मदद लेती है। आनंद एल. राय द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कंगना रनौत, जिमी शेरगिल, दीपक डोबरियाल, स्वरा भास्कर और एजाज खान हैं।

**5. 3 इडियट्स**

3 इडियट्स फरहान और राजू की कहानी है जो अपने ताज़ा दृष्टिकोण के कारण रैंचो के साथ एक बेहतरीन रिश्ता बनाते हैं। सालों बाद, एक शर्त उन्हें अपने लंबे समय से खोए दोस्त को खोजने का मौका देती है जिसका अस्तित्व काफी मायावी लगता है। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आमिर खान, शरमन जोशी, करीना कपूर, बोमन ईरानी और ओमी वैद्य हैं।

**6. मिन्नाले**

मिन्नाले एक ऐसे आदमी की कहानी है जो एक महिला से प्यार करता है और झूठ के ज़रिए उसके दिल में जगह बना लेता है। जब उसे पता चलता है और वह उससे भिड़ती है, तो उसे कोई पछतावा नहीं होता क्योंकि उसे लगता है कि प्यार और युद्ध में सब कुछ जायज़ है। रीमा सेन, अब्बास, विवेक, आर.डी राजशेखर और नागेश द्वारा निर्देशित।

**7. शैतान**

शैतान एक पारिवारिक सैर की कहानी है जो एक भयानक मोड़ लेती है जब एक घुसपैठिया किशोर बेटी के शरीर पर कब्ज़ा कर लेता है, और उसे लगातार बढ़ते भयावह आदेशों की दया पर छोड़ देता है। विकास बहल द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, जानकी बोदीवाला, ज्योतिका, पलक लालवानी और मनोज आनंद हैं। साल 2011 में अभिनेता ने एक्ट्रेस कंगना रनौत के साथ हिट फिल्म तनु वेड्स मनु में काम किया। इस फिल्म में माधवन के अभिनय की बहुत तारीफ हुई।

# घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में वृद्धि




## » 20 पैसे प्रति यूनिट की हुई बढ़ोत्तरी

**रायपुर,01 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा और सदस्य प्रमोद कुमार गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस में विद्युत दरों में हुई बढ़ोतरी की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राज्य की विद्युत कंपनियों के विगत वर्षों के राजस्व घाटा तथा राजस्व आधिक्य पर विचार करने के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 26037 करोड़ रुपए के स्थान पर 24594 करोड़ रुपए मान्य किया गया है।

इसी तरह से वितरण कंपनी द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित 33875 मिलियन यूनिट के स्थान पर 34091 मिलियन यूनिट मान्य किया गया है। इसी तरह वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत की अनुमानित बिक्री पर प्रचलित टैरिफ से अनुमानित 4420 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर 2819 करोड़ रुपए को मान्य किया गया है। राज्य शासन ने वितरण कंपनी के सकल राजस्व घाटा को कम करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1000 करोड रुपए की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा करने का निर्णय लिया गया है।फलस्वरूप वितरण कंपनी को वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रचलित दरों से 1819 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा अनुमानित है। राज्य वितरण कंपनी द्वारा दायर याचिका के विश्लेषण से राजस्व घाटे की प्रतिपूर्ति के लिए औसत 20.45 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित थी, परंतु राज्य शासन द्वारा की गई राजस्व घाटे की आंशिक प्रतिपूर्ति तथा आयोग द्वारा विचारोपरान्त सभी उपभोक्ता श्रेणियों में औसत 8.35 प्रतिशत वृद्धि अनुमोदित की गई है।




### वर्तमान आदेश के मुख्य बिन्दु

घरेलू एवं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है।

कृषि पम्पों के लिए विद्युत की दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है।

मांग एवं उपलब्ध विद्युत उत्पादन के विश्लेषण उपरान्त की संरचना में परिवर्तन किया गया है।

पर्यावरण संरक्षण एवं कार्बन फुटप्रिन्ट घटाने हेतु अक्षय ऊर्जा क्रय करने हेतु इच्छुक उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु ग्रीन एनर्जी चार्ज का निर्धारण किया गया है।

रेलवे के टैक्शन लोड हेतु लागू 20 प्रतिशत की लोड फैक्टर रिबेट को समाप्त कर दिया गया है।

एचवी-5 एवं एलवी-5 श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले पोहा एवं मुरमुरा मिल को ऊर्जा प्रभार में 5 प्रतिशत की छूट को जारी रखा गया है।

जारी की जा रही नई विद्युत दरें जो कि संलग्नक-1 और संलग्नक-2 में उपलब्ध हैं, 1 जून, 2024 से प्रभावशील होंगी।

### औसत विद्युत प्रदाय दर एवं औसत विद्युत बिलिंग दर

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए औसत विद्युत प्रदाय दर 6.92 प्रति यूनिट रुपए अनुमानित की गई है। आयोग द्वारा वर्तमान टैरिफ आदेश में लिए गए निर्णयों एवं राज्य शासन द्वारा वितरण कंपनी के घाटे की प्रतिपूर्ति के फलस्वरूप औसत विद्युत बिलिंग दर 6.92 पैसे रुपए अनुमानित है, जो कि वर्तमान प्रचलित दर से औसत 53 पैसे अधिक है। तदनुसार वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 8.35 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की गई है।

## भूपेश बघेल बोले...सांय-सांय बिजली बिल बढ़ाने की तैयारी

### सोशल मीडिया पर लिखा- हमने बिजली बिल हाफ किया, इन्होंने बिजली हाफ कर दी



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिजली कटौती को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस बिजली की समस्याओं को लेकर लगातार भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही है। इस मामले को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर बीजेपी पर जमकर बरसे हैं। साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हमने बिजली बिल हाफ किया और इन्होंने बिजली हाफ कर दी। एक तरफ सांय-सांय बिजली का बिल बढ़ाने की तैयारी चल रही है, तो दूसरी तरफ इस भयानक गर्मी में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में जमकर बिजली की कटौती की जा रही है। प्रदेश की जनता बेहद परेशान है, लेकिन गारंटी लेने वाले अभी सत्ता की मदहोशी में सो रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि आप सबसे कहना है कि तापमान बहुत अधिक है। गर्मी और लू से हम सबको अपना,अपने बच्चों का और घर के बुजुर्गों का खूयाल रखना है। दिन में बच्चों को धूप में न खेलने दें। बुजुर्गों को बाहर जाने से रोकें। बहुत आवश्यक कार्य न हो तो आप भी घर से न निकलें। ओआरएस, नींबू शिकंजी, ग्लूकोज और आम पना इत्यादि ठंडी चीजें पीते रहें।




## शराब दुकानें 4 जून को रहेंगी बंद

**रायगढ़,01 जून 2024 (ए)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 4 जून 4 जून को मतगणना होगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 4 जून मतगणना स्थल क्षेत्र नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत संचालित देशी मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ), कंपोजिट मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट),विदेशी मदिरा दुकानों (एफ.एल.-1 घघ),होटल बारों (एफ.एल.-3) तथा देशी मदिरा भंडारण भाण्डागार को पूर्णत बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

## 2 आबकारी उप निरीक्षकों को कलेक्टर ने किया निलंबित



**कांकेर,01 जून 2024 (ए)।** जिले के बांदे थाना क्षेत्र में शासकीय शराब दुकान के पास महिलाओं से दुर्व्यवहार करने वाले दो आबकारी निरीक्षकों को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## मतगणना से पहले छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव प्रत्याशी का निधन



### सबसे कम उम्र के उम्मीदवार थे

**राजनांदगांव,01 जून 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आज सातवें चरण के लिए मतदान जारी है। बता दें आज 8 राज्यों की 57 सीटों पर मतदान किया जा रहा है। इसी बीच छत्तीसगढ़ की राजनीतिक सियासत से दुखद खबर सामने आई है।लोकसभा चुनाव 2024 में राजनांदगांव ससंदीय क्षेत्र के सबसे कम उम्र के प्रत्याशी का निधन हो गया है।मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरे विशेष पिता विनायक धामगाये की शुक्रवार देर रात निधन हो गया।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने दो उद्योगों पर की बड़ी कार्रवाही



**रायपुर,01 जून 2024 (ए)।** उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश के बाद जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने तिफरा के दो गैर औद्योगिक इकाइयों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। वही 20 बंद या गैर औद्योगिक गतिविधियों में संलग्न इकाइयों को नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि तिफरा सिरगिट्टी और सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र से लगातार उद्योगपतियों द्वारा शासन से लीज पर जमीन लेकर गैर औद्योगिक कार्य किए जाने की शिकायत मिल रही थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग विभाग को सर्वे कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला व्यापार और उद्योग केन्द्र बिलासपुर के प्रबंधक श्री एम एल कुशरे ने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम सेसिरगिट्टी और सिलपहरी के औद्योगिक क्षेत्र का सर्वे कराया

सर्वे के मुताबिक तिफरा में 135 सिरगिट्टी के चार सेक्टर में 433 समेत कुल 568 उद्योगपतियों को उद्योग संचालित करने जमीन दी गई है। मंत्री के निर्देश पर जब विभाग ने सर्वे कराया तो कई इकाइयां या तो बंद मिली या फिर गैर औद्योगिक कार्य होना पाया गया। जिला उद्योग विभाग ने तिफरा के पूजा इंडस्ट्रीज समेत दो उद्योगों की लाइसेंस को निरस्त किया है। वही 20 इकाइयों को चेतावनी दी गई है कि वे औद्योगिक इकाइयां शुरू करें अन्यथा उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने वाले 35 हजार लोगों को मिलेगी 30 करोड़ की सब्सिडी



**रायपुर,01 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) खरीदने वाले 35 हजार लोगों के बैंक खातों में जून के प्रथम सप्ताह में 30 करोड़ रुपये की सब्सिडी आनलाइन जमा होगी। राज्य सरकार से 30 करोड़ रुपये मिलने के बाद ई-वाहनों को चिह्नांकित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही ईवी खरीदारों के खातों में राशि हस्तांतरित होगी।

बताया जाता है कि बजट नहीं होने के कारण पिछले 10 महीनों से ईवी खरीदारों को सब्सिडी का भुगतान नहीं किया जा रहा था। खाते में रकम नहीं पहुंचने के कारण ईवी खरीदार बैंक, आटोमोबाइल डीलरों और आरटीओ के चक्कर लगा रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजकर 70 करोड़ रुपये बजट मांगा। साथ ही यह बताया गया कि उनके पास केवल 70.05 लाख रुपये ही शेष बचे हैं। इसके बाद राज्य सरकार के वित्त विभाग ने 30 करोड़ रुपये का बजट जारी कर ईवी खरीदारों को राहत दी है। गौरतलब है कि अगस्त 2022 को पांच साल के लिए राज्य में ईवी पालिसी लागू की गई है। इसके तहत ईवी खरीदने वाले को वाहन की कीमत का न्यूनतम 10 प्रतिशत और अधिकतम 1.50 लाख रुपये सब्सिडी देने का प्रविधान है।

## वार्डन की लापरवाही से बाल गृह से फरार हुआ नाबालिग

### » ऐसे खुली पोल



**दुर्ग,01 जून 2024 (ए)।** जिले में शासकीय बाल गृह से एक 13 साल का नाबालिग लड़का भाग गया। जब वार्डन से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनके यहां सभी बच्चे मौजूद हैं। जब एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने बच्चे की फोटो दिखाई तो वार्डन के होश उड़ गए। एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने वार्डन पर गैर जिम्मेदाराना कार्य करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। एनएसयूआई दुर्ग के शहर अध्यक्ष वरुण केवलतानी ने बताया कि उन्हें बीती रात दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास एक बच्चा दिखा। उसकी उम्र 13 साल है। बच्चे ने बताया कि वो शासकीय बाल गृह में रहता है और पढ़ाई करता है। केवलतानी का कहना है कि एक 12-13 साल का बच्चा रात को दो बजे बाल गृह से भाग कर स्टेशन में भटक रहा है। बालगृह के जिम्मेदारों को कोई होश ही नहीं है। वरुण केवलतानी और उसके साथियों ने जब इसकी सूचना पद्मनाभपुर पुलिस में दी तो वहां से एक पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंची। बच्चे को लेकर शासकीय बाल गृह दुर्ग पहुंचे। यहां पहुंचने पर अधीक्षिका मंजू शुक्ला ने कहा कि उनके यहां से कोई बच्चा नहीं भागा। सभी बच्चे अपने कमरे में है।

## राजधानी के करीब हुआ बड़ा हादसा



### 40 लोगों से भरी बस में लगी आग,

**रायपुर,01 जून 2024 (ए)।** राजधानी रायपुर से लगे अभनपुर से बड़ी खबर सामने आई है। यात्रियों से भरी एसी बस में अचानक आग लग गइ॓. देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के बाद ड्राइवर,कंडेक्टर समेत सभी यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। जिस बस में आगजनी हुई है वह महेंद्रा ट्रेवल्स की है। बस में करीब 40 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित हैं.मिली जानकारी के अनुसार, महिंद्रा ट्रेवल्स की बस सीजी19एफ 0251 जगदलपुर से करीब 40 यात्रियों को लेकर रायपुर आ रही थी। तभी अभनपुर के मोहन ढाबा के पास अचानक बस में आग लग गई. । अभनपुर के मोहन ढाबा के पास बस में अचानक आग लग गई।आग लगते ही बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। आग के विकराल रूप लेने से पहले सभी को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आगजनी की घटना में बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। वहीं घटना की सूचना लोगों ने अभनपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी है।. मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम को रवाना कर दिया गया है। यात्री बस में आग लगने का कारण एसी पाइप फटना बताया जा रहा है। वहीं घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 5 हजार संविदा कर्मचारियों ने लगाया वेतन नहीं देने के आरोप



**रायपुर,01 जून 2024 (ए)।** प्रदेश में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूलों में लगभग पांच हजार संविदा कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है. वहीं इन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन मिल रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी ने लोक शिक्षण संचालक दिव्या उमेश मिश्रा को पत्र लिखकर तत्काल राशि आंबटित करने की मांग की है.विकास तिवारी ने लोक शिक्षण संचालक को लिखे पत्र में लिखा कि- प्रदेश के 741 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में 12 हजार 8 सौ 32 से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारीगण कार्यरत है. शिक्षक एवं कर्मचारियों द्वारा अध्यापन कार्य के साथ-साथ शासन एवं प्रशासन स्तर से निर्देशित समस्त कार्यों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पालन करते हुए समयसीमा में पूरा किया जाता रहा है. इस साल 10वीं और12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा. इन विद्यालयों से 28 छात्र छात्राओं का प्रदेश के टॉप 10 मेरिट में नाम प्रदेश के लिए गौरान्वित रहा. सभी ने इस योजना, शिक्षकों और कर्मचारियों की भूरी भूरी प्रशंसा की है. बेहतर परिणाम और पूरी निष्ठा एवं लग्न से कार्य करने के बावजूद भी कार्यरत कर्मचारियों को गत दो से तीन माह (मार्च, अप्रैल एवं मई ) का वेतन भुगतान अप्राप्त है जो कि बहुत ही गंभीर और निराशाजनक है.

## महतारी वंदन योजना की चौथी किश्त महिलाओं के खाते में ट्रांसफर




**रायपुर,01 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की चौथी किस्त 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में भेज दी गई है। जिसका स्टेटस आप योजना की आधिकारिक वेबसाइट महतारी वंदन योजना सीजी स्टेट.जी ओव्ही.आईएन पर जाकर देख सकते हैं। महतारी वंदन योजना जो महिलाएं इस योजना की हितग्राही हैं और योग्यताओं को पूरा करती हैं उन्हें हर महीने महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। अब तक इस योजना के तहत 3 किस्तें प्रदान की जा चुकी है। आपको भी इस योजना का लाभ मिल रहा है तो आप महतारी वंदन योजना चौथा स्टालमेंट का पूरा स्टेटस घर बैठे ऑनलाइन चेक कर सकते हैं।

## लू से मरने वालों की संख्या में हुई बढ़ोत्तरी

**रायपुर,01 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी में मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। जांजगीर में ही अकेले चार मौतें हुई हैं। वहीं,मौसम विभाग ने 16 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया था, इसका असर भी देखने को मिला। रात 9 बजे तक हीट वेव चलती रही। आज 21 जिलों में लू का यलो अलर्ट है। बस्तर संभाग में बूंदाबांदी के आसार हैं। रायपुर, दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले में हीट इंडेक्स 50-60 डिग्री है। वहीं, बाकी सभी जिलों में हीट इंडेक्स 40-50डिग्री के बीच है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान रायगढ़ में 47.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, बिलासपुर में 46.8 और रायपुर में पारा 46.4 डिग्री। 10 जिलों में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)